

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 287

ग्वालियर, बुधवार 06 जुलाई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## नूपुर शर्मा पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर कई पूर्व जजों ने की आलोचना

### देश के 117 गणमान्य लोगों ने सीजेआई को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा के मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर कई पूर्व जजों ने असहमति जताई और इसकी आलोचना की और भारत के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिख कर इसकी शिकायत की है। केरल हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस रवींद्रन के पत्र में 15 रिटायर्ड जज, 77 रिटायर्ड नौकरशाह, 25 रिटायर्ड आर्मी अधिकारियों ने हस्ताक्षर कर, उनके स्टेटमेंट का समर्थन किया है। आपको बता दें कि नूपुर शर्मा ने अपने खिलाफ देश के अलग-अलग राज्यों में दर्ज सभी मामलों को एक साथ क्लब करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। नूपुर की याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा था कि उनका बयान देश भर में आग लगाने के लिए जिम्मेदार है। इस टिप्पणी के बाद रोजाना अलग-अलग संगठन मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिख कर शिकायत कर रहे हैं। केरल हाईकोर्ट के पूर्व जज जस्टिस पीएन रवींद्रन ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिख कर कहा है कि इस टिप्पणी से सुप्रीम कोर्ट ने लक्ष्मण रेखा लांघ दी है। उनके इस पत्र पर न्यायपालिका, नौकरशाही और सेना के 117 पूर्व अधिकारियों और जजों के हस्ताक्षर हैं। पूर्व जज जस्टिस पीएन रवींद्रन के पत्र में लिखा है, 'हम जिम्मेदार नागरिक के रूप में विश्वास करते हैं कि किसी भी देश का लोकतंत्र तब तक बरकरार नहीं रहेगा, जब तक सभी संस्थाएं संविधान के मुताबिक अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करेंगी। सुप्रीम कोर्ट के 2 न्यायधीशों ने अपनी हाल की टिप्पणियों में लक्ष्मण रेखा लांघी है और हमें यह बयान जारी करने के लिए मजबूर किया है। दोनों जजों की टिप्पणियों ने लोगों को स्तब्ध किया है। ये टिप्पणियां न्यायिक आदेश का हिस्सा नहीं हैं। एक व्यक्ति पर देश के कई राज्यों में दर्ज मुकदमों को एकीकृत करवाना उसका कानूनी अधिकार है।' इसके अलावा जम्मू-कश्मीर के एक संगठन 'फोरम फॉर ह्यूमन राइट्स एंड सोशल जस्टिस' ने भी मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिख कर नूपुर शर्मा पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी की आलोचना की है।



## मोदी सरनेम वाले सभी चोर वाले बयान में राहुल गांधी को झटका

**रांची।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को झारखंड हाईकोर्ट से झटका लगा है। हाईकोर्ट ने राहुल की याचिका खारिज कर उन्हें अपनी बात रांची के सिविल कोर्ट में कहने का निर्देश दिया है।



जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने कहा कि वह जिन बिंदुओं को हाईकोर्ट में उठा रहे हैं, उन्हें सिविल कोर्ट में उठाना चाहिए। इसके पूर्व हाईकोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया था। राहुल गांधी के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट में अधिवक्ता प्रदीप मोदी ने शिकायत दायर की है। इसमें आरोप लगाया गया है, कि वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान रांची में एक चुनावी सभा को संबोधित कर राहुल गांधी ने कहा था कि जिनके नाम के आगे मोदी लगा है, वह सभी चोर हैं। इससे मोदी समाज आहत हुआ है और उनके सम्मान को ठेस लगा है। राहुल के खिलाफ अदालत से कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया गया था। राहुल गांधी ने 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान रांची के अलावा कुछ अन्य रैलियों में विवादित टिप्पणी की थी।

## अमरनाथ गुफा में 'शिवलिंग की उपस्थिति की जानकारी मुस्लिम ने कश्मीरी पड़ितों को दी थी: फारूक अब्दुल्ला

**नई दिल्ली।** अमरनाथ गुफा में शिवलिंग की उपस्थिति की जानकारी सबसे पहले जिस व्यक्ति ने दी, वह एक मुस्लिम था। जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने यह बात कही है। अब्दुल्ला ने कहा कि किसी भी मुस्लिम व्यक्ति ने कभी किसी धर्म के खिलाफ उंगली नहीं उठाई, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि 90 के दशक में एक लहर थी। अब्दुल्ला ने कहा, पहलगाम के एक मुसलमान ने उस गुफा (अमरनाथ गुफा) में लिंगम देखा और कश्मीरी पंडितों को इसकी सूचना दी थी। कभी किसी मुसलमान ने किसी धर्म के खिलाफ उंगली नहीं उठाई। हां, 1990 के दशक में एक लहर थी लेकिन यह कहीं और से आई थी। गौरतलब है कि मंगलवार सुबह खराब मौसम के कारण पहलगाम और बालटाल मार्ग पर अमरनाथ यात्रा अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गई है। हिम शिवलिंग की 43 दिवसीय तीर्थयात्रा पिछले सप्ताह शुरू हुई थी। अधिकारियों ने बताया कि पहलगाम के नुनवान और गंदेरबल के बालटाल आधार शिविर से किसी भी तीर्थयात्री को पवित्र गुफा की ओर नहीं जाने दिया जा रहा है।



# मतदान केंद्रों पर हुई पूरी तैयारियां

- लाल परेड मैदान पर वितरित की गई चुनावी सामग्री
- बरसात में मतदान, केंद्रों पर लगाए वाटरप्रूफ टेंट
- मतदाताओं के लिए की जाएगी अतिरिक्त कमरे की व्यवस्था



**भोपाल।** नगरीय निकाय चुनाव इस बार बारिश में हो रहे हैं। ऐसे में बरसात के चलते मतदान केंद्रों पर समस्या खड़ी हो सकती है। शहर के मतदान केंद्रों पर वाटर प्रूफ टेंट लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा केंद्रों पर मतदाताओं के लिए एक अतिरिक्त कमरे की व्यवस्था की जाएगी। इससे यदि बरसात होती है तो उन्हें किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। बता दें कि नगर निगम के 85 वार्ड में मतदान कराने के लिए 2160 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें एक - एक आदर्श मतदान केंद्र भी शामिल हैं। मतदान केंद्रों को 187 सेक्टर में बांटा गया है। सभी सेक्टर की जिम्मेदारी एक - एक मजिस्ट्रेट को दी गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय श्रीवास्तव ने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव को लेकर सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंगलवार सुबह सात बजे लाल परेड मैदान में सामग्री वितरित की गई। मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में मतदान सामग्री वितरण के लिए केंद्र बनाए गए थे। अलग - अलग केंद्रों के लिए समूह आधार पर टेबल लगाई गई थी। सभी 2160 मतदान केंद्रों पर अतिरिक्ति कम्युनिकेशन केंद्र भी बनाए गए हैं। यहां से प्रत्येक घंटे मतदान प्रतिशत के आंकड़ें एकत्रित करेगा। निकाय चुनाव इवीएम के माध्यम से कराए जा रहे हैं। इसके लिए मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया गया है। इस बार चुनाव में 240 बड़ी बस और 199 छोटी बस, 13 मैजिक वाहन एवं 14 ट्रक लगाए गए। मतदान कर्मी बसों के द्वारा केंद्रों पर पहुंचे।

### संवेदनशील केंद्रों की होगी वीडियोग्राफी

शहर के 2160 मतदान केंद्रों में से लगभग 400 केंद्र संवेदनशील हैं। यहां पर होने वाली मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। सभी केंद्रों पर पुलिस बल तैनात किया जाएगा। इन पर अतिरिक्त बल तैनात रहेगा इससे पहले सोमवार से चुनाव प्रचार थम गया है। चुनाव आयोग के आदेशानुसार शराब दुकानें बंद कर दी गई हैं। इसके लिए पुलिस और प्रशासन की टीमें लगातार गश्त कर नजर रख रही हैं।

### ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ी

हालांकि, लाल परेड ग्राउंड के आसपास सुबह 11 बजे तक ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ी हुई रही। लाल परेड ग्राउंड के सामने, पुलिस कंट्रोल रूम, जहांगीराबाद समेत कई इलाकों में जाम की स्थिति बन गई। इससे मतदान दलों को ग्राउंड में पहुंचने में देरी हुई।

### ऐसे बांटी गई सामग्री

डोम में 10 से 18 काउंटर तक बनाए गए थे। सुबह 6 बजे से ही मतदान दल सामग्री लेने पहुंच गए। 7 बजे से उन्हें सामग्री का वितरण करना शुरू कर दिया गया। ईवीएम समेत अन्य जरूरी सामग्री की जांच के बाद ही कर्मचारी रवाना हुए। अब ये कर्मचारी मतदान कराने के बाद यही लौटेंगे। 2160 पोलिंग बूथों के लिए 2160 कंट्रोल यूनिट, 4320 बीयू यानी बैलेट यूनिट दी गई। महापौर और पार्षद के लिए अलग-अलग बीयू लगाई जाएगी। कलेक्टर अविनाश लवानिया भी मौके पर मौजूद रहे। वहीं, नगर निगम कमिश्नर केवीएस चौधरी कोलसानी मतदान केंद्रों की व्यवस्था में लगे रहे। नगरीय निकाय चुनाव में मतदान के लिए सामान्य अवकाश रहेगा। भोपाल में छह जुलाई और बैरसिया में 13 जुलाई को महापौर और पार्षद प्रत्याशियों के लिए मतदाता मतदान करेंगे।

## इलेक्ट्रिक स्कूटरों में आग के मामले में मोदी सरकार सख्त, ओला-ओकिनावा को कड़ी कार्रवाई की दी चेतावनी

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने इलेक्ट्रिक स्कूटरों में आग लगाने के मामले में सख्त रुख अपनाया है। केंद्र ने इलेक्ट्रिक स्कूटर बनाने वाली कंपनियों ओला इलेक्ट्रिक, ओकिनावा और प्योर ईवी को कारण बताओ नोटिस भेजा है। इसमें कंपनियों को चेतावनी देकर पूछा है कि खराब इलेक्ट्रिक वीकल बेचने के लिए उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई क्यों नहीं की जानी चाहिए। सूत्रों के अनुसार कंपनियों को नोटिस का जवाब देने के लिए जुलाई आखिर तक का समय मिला है। जवाब मिलने के बाद सरकार तय करेगी कि इन कंपनियों के खिलाफ किस तरह की दंडात्मक कार्रवाई की जानी है। अप्रैल में इलेक्ट्रिक स्कूटरों में आग लगने की कई घटनाएं सामने आई थी। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के तहत आने वाले सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी (सीसीपीए) ने पिछले महीने प्योर ईवी और बूम मोटर्स को नोटिस भेजा था। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने भी इन कंपनियों को कारण बताओ नोटिस भेजा हैं, उन्हें कंपनियों के जवाब का इंतजार है। सरकारी जांच के शुरुआती फाइंडिंग के मुताबिक आग लगने वाले सभी इलेक्ट्रिक स्कूटरों में बैटरी सेल और डिजाइन में खराबी थी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने पहली इसकी जांच का जिम्मा रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) को सौंपा था। डीआरडीओ की जांच से सामने आया है, कि ओला इलेक्ट्रिक, ओकिनावा ऑटोटेक, प्योर ईवी, जितेंद्र इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और बूम मोटर्स के स्कूटरों में कॉस्ट बचाने के लिए घटिय सामग्री का इस्तेमाल किया गया था। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने ईवी बनाने वाली कंपनियों लापरवाही के लिए सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी थी। ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड ने उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए लिथियम आयन बैटरी के लिए नए परफॉर्मेंस स्टैंडर्ड जारी किए हैं।

## मुंबई-ठाणे में भारी बारिश, चरमराई ट्रैफिक व्यवस्था



### मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दिया एनडीआरएफ के दस्तों को तैयार रखने का निर्देश

**मुंबई।** मुंबई-ठाणे समेत महाराष्ट्र के कई शहरों में हो रही भीषण बारिश से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अधिकारियों को स्थिति की निगरानी करने और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के दस्तों को तैयार रखने का निर्देश दिया है. मुख्यमंत्री शिंदे ने राज्य के मुख्य सचिव मनुकुमार श्रीवास्तव के साथ चर्चा की और सभी संबंधित जिलों के संरक्षक सचिवों को सतर्क रहने और स्थिति को नियंत्रित करने का निर्देश दिया. मुख्यमंत्री शिंदे ने अधिकारियों को मुंबई की स्थिति पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया है. जिले में भारी बारिश के चलते राज्य की कई नदियां चेतावनी के स्तर पर पहुंच गई हैं. कुंडलिका नदी चेतावनी के स्तर को पार कर चुकी है और अंबा, सावित्री, पातालगंगा, उल्हास और गढ़ी नदियों का जलस्तर चेतावनी स्तर से थोड़ा नीचे है. सीएम शिंदे ने अधिकारियों को चिपलून की स्थिति पर कड़ी नजर रखने और बार-बार निर्देश देकर नागरिकों को चेतावनी देने का भी निर्देश दिया. इस बीच मंगलवार दोपहर भारी बारिश के कारण ठाणे, भिवनाडी, कल्याण-नासिक राजमार्ग को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण लिंक में से एक, भिवंडी के मनकोली नाका पर एक बड़ा ट्रैफिक जाम लग गया. एक वाहन चालक ने कहा कि ट्रैफिक जाम फ्लाईओवर के साथ-साथ नीचे की सड़क पर भी है और वाहन बहुत धीमी गति से आगे बढ़ रही हैं. मैं काम के लिए ठाणे पहुंचने के लिए लगभग 11.30 बजे कल्याण से निकला. मगर दोपहर 1 बजे के आसपास भी मैं ट्रैफिक जाम के कारण नाके पर फंस गया था. ठाणे यातायात पुलिस के उपायुक्त दत्ता कांबले ने कहा कि भारी बारिश के कारण इस स्ट्रेच पर यातायात प्रभावित होता है. वाहन चल रहे हैं लेकिन धीरे-धीरे. हमारी टीम यातायात की स्थिति को देखने के लिए सड़क पर तैनात है. पिछले 24 घंटों में, कल्याण, डोंबिवली शहरों में 114 मिमी बारिश हुई, जिससे कई हिस्सों में जलभराव हो गया और ट्रैफिक जाम हो गया. कल्याण (पूर्व) मलंग गढ़ क्षेत्र और कल्याण (पश्चिम) के आदिवली ढोकली और डोंबिवली में नंदीवली इलाके में बारिश का पानी सोमवार से करीब 400 घरों में घुस गया है।

## हल्का लड़ाकू विमान तेजस की दुनिया दीवानी, मलेशिया तेजस को खरीदने में इच्छुक

### भारत लगातार बढ़ रहा सैन्य उत्पादकों का निर्यात

**नई दिल्ली।** भारत का हल्का लड़ाकू विमान तेजस देश के साथ-साथ विदेशों की भी पसंद बन गया है। तेजस चीन के जेएफ-17, दक्षिण कोरिया के एफए-50, रूस के एमआईजी-35 और यॉक -130 को पीछे छोड़ते हुए मलेशिया की पहली पसंद बन गया है। मलेशिया अपने पुराने लड़ाकू विमानों को बदलकर अपने बेड़े में तेजस को शामिल करने की सोच रहा है। दोनों देश इस रक्षा खरीद को लेकर बातचीत की टेबल पर भी आ चुके हैं। दोनों देशों के बीच प्रस्तावित रक्षा सौदा खरीद ये बताता है कि भारत अब महज हथियारों का आयातक नहीं रहा बल्कि अब रक्षा निर्यात के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, तेजस बनाने वाली भारत की सरकारी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक आर माधवन ने कहा कि भारत के तेजस ने चीन, दक्षिण कोरिया और रूस के विमानों की प्रतिस्पर्धा के बीच बाजी मार ली है। भारत सौदे में मलेशिया को एक और ऑफर दे रहा है। दरअसल रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण मलेशिया रूसी मूल के एसयू30 (सुखोई-30) लड़ाकू विमान के रखरखाव और कल-पूर्जों की खरीद नहीं कर पा रहा है। भारत ने उस समय में मलेशिया का साथ दिया है और उस 30 के रखरखाव, मरम्मत और उसके कल-पूर्जों के बदलाव की पेशकश कर रहा है। दरअसल माधवन से पूछा गया कि भारत और मलेशिया के बीच तेजस खरीद का सौदा कब तक पूरा होगा, उन्होंने जवाब दिया, मैं इस सौदे को लेकर बहुत आश्वस्त हूं। हां अगर कोई राजनीतिक बदलाव नहीं होता, तब ये सौदा जल्द ही हो जाएगा। माधवन ने कहा कि अगर मलेशिया के साथ भारत का ये सौदा पूरा होता है, तब इससे तेजस के लिए अन्य देशों के रास्ते भी खुल जाएंगे। ये सौदा दूसरे देशों को बहुत अच्छा संकेत देगा और विमान के निर्यात में तेजी आएगी।



## ताजमहल नहीं बनता तो 40 रुपए में मिलता पेट्रोल, महंगाई-बेरोजगारी के लिए मुगल जिम्मेदार : ओवैसी

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने महंगाई और बेरोजगारी को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। ओवैसी ने कहा कि देश में महंगाई, बेरोजगारी के लिए मोदी नहीं मुगल जिम्मेदार हैं। एआईएमआईएम के ट्विटर हैंडल से ओवैसी का एक वीडियो शेयर किया गया है। ओवैसी एक सभा को संबोधित कर रहे हैं। इसमें वह केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहते हैं भारत के युवा अगर बेरोजगार हैं। महंगाई आसमान छू रही है। डीजल 100 रुपए के पार है। यकीनन इसके लिए पीएम मोदी नहीं, औरंगजेब जिम्मेदार है। ओवैसी ने आगे कहा कि बच्चों के पास नौकरी नहीं है। बादशाह अकबर जिम्मेदार हैं। पेट्रोल 104 रुपए का है इसका जिम्मेदार ताजमहल बनने वाला है। अगर ताजमहल नहीं बना होता तो पेट्रोल आज 40 रुपये में मिलता। मैं मानता हूं कि ताजमहल, लालकिला बनाकर मुगलों ने बड़ी गलती की है, वह पैसा बचाकर रखना चाहिए था। ओवैसी ने सवाल किया कि क्या भारत में सिर्फ मुगलों की सरकर थी? उन्होंने कहा कि उससे पहले अशोक, चंद्रगुप्त की भी हुकूमत थी, लेकिन भाजपा की आंखों में सिर्फ मुगल ही दिखाई देते है। एक आंख में मुगल दूसरी में पाकिस्तान दिखता है। हमें न मुगलों से कुछ लेना-देना है और न पाकिस्तान से मतलब है। जिन्ना से हमें क्या करना है। हमने जिन्ना के पैगाम को ठुकरा दिया था। ओवैसी ने कहा कि आजादी के 75 साल का जश्न हम 15 अगस्त को मनाने जा रहे हैं। भारत में जितने मुस्लिम हैं, वे इस बात की गवाही देते हैं कि उनके दादा और परदादा ने पाकिस्तान के पैगाम को ठुकरा दिया था। भारत को अपना वतन माना था। भारत हमारा वतन है और हम भारत को नहीं छोड़ेंगे।



## खास खबर

### सिद्धारमैया के करीबी पूर्व मंत्री जमीर अहमद खान के आवास और कार्यालयों पर छापेमारी

**बेंगलुरु।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री जमीर अहमद खान के आवास और कार्यालयों पर छापेमारी की। जमीर अहमद खान को कर्नाटक में विपक्ष के नेता सिद्धारमैया का दाहिना हाथ (करीबी व्यक्ति) माना जाता है। सूत्रों के मुताबिक, करोड़ों रुपये के आईएमए घोटाले के सिलसिले में छापेमारी की जा रही है। एक साथ 40 से ज्यादा अधिकारियों की टीम कई जगहों पर छापेमारी कर रही है। छावनी क्षेत्र में निवास सिल्वर ओक अपार्टमेंट, सदाशिवनगर में गेस्ट हाउस, बनशंकरी में जी.के. एसोसिएट्स ऑफिस और चामराजपेट में नेशनल ट्रेवल्स ऑफिस पर छापेमारी की जा रही है। इसके पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खान के आवास और कार्यालयों पर छापेमारी की थी। सूत्रों ने कहा कि ईडी की छापेमारी में उनकी आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति का पता चला है। सूत्रों ने बताया कि ईडी के निर्देश पर एसीबी ने शिकायत दर्ज कर छापेमारी की है। चामराजपेट और छावनी क्षेत्र में जहां छापेमारी की जा रही है, वहां सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त हैं। उनके आवास पर एकत्र हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं और खान के समर्थकों ने सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिस विभाग ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए कर्नाटक राज्य रिजर्व पुलिस की एक प्लाटून तैनात की है। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा है कि खान के खिलाफ लंबित मामलों के संबंध में छापेमारी की गई है। पुलिस सबूत के आधार पर कार्रवाई कर रही है।

### द्रौपदी मुर्मू पहुंची पटना, भाजपा नेताओं ने किया जोरदार स्वागत

**पटना।** राष्ट्रपति चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को पटना पहुंचीं। पटना एयरपोर्ट पर उनके पहुंचने पर भाजपा नेताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत के लिए बिहार के उप मुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद, रेणु देवी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल सहित कई नेता पहले ही पहुंच गए थे। राष्ट्रपति उम्मीदवार मुर्मू हवाईअड्डे से बाहर निकलने के बाद वे पुराना सचिवालय स्थित बिरसा मुंडा प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यहां उनके स्वागत के लिए स्थानीय कलाकार भी स्थानीय वेशभूषा में सज-धज कर आए थे। आदिवासी वेशभूषा में भी कलाकारों ने द्रौपदी मुर्मू का बिहार की धरती पर अपने परम्परागत नृत्यों से स्वागत किया। मुर्मू इसके बाद एनडीए घटक दल के नेताओं की बैठक में शामिल होंगी। जदयू पहले ही मुर्मू को समर्थन देने की घोषणा कर दी है।

### इन शहरों में हुई मास्क की वापसी नहीं पहना तो कटेगा 500 रुपये का चालान

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के बढ़ते मामले फिर से डराने लगे हैं। शहरों में मास्क की वापसी होने लगी है। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में बढ़ते कोविड मामलों से निपटने के लिए मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। ग्रेटर चेन्नई कॉरपोरेशन द्वारा सोमवार को यह फैसला लिया गया है। इसके मुताबिक चेन्नई में मास्क पहनना आज यानी मंगलवार से लागू होगा। निगम ने कहा कि उल्लंघन करने पर 500 रुपये का जुर्माना भी देना होगा। इसके अलावा, शॉपिंग मॉल, थिएटर और पूजा स्थलों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि वहां भारी भीड़ जमा न हो। बता दें कि चेन्नई में मास्क की वापसी ऐसे समय में हुई है जब तमिलनाडु में पिछले 10 दिनों में कोरोना के एक्टिव केस 6 हजार को पार कर गए हैं। इनमें से आधे मामले अकेले चेन्नई से हैं। राज्य के स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, तमिलनाडु में रविवार को 2,672 और शनिवार को 2,385 मामले सामने आए। हालांकि मरने वालों की संख्या शून्य रही। दूसरी ओर, पिछले 24 घंटों में, राज्य में 1,487 लोग ठीक हुए हैं। लद्दाख में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों के अचानक बढ़ने के बीच प्रशासन ने केंद्र शासित प्रदेश के लेह जिले में लोगों के लिए मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है।

### सिद्धारमैया के करीबी कांग्रेस विधायक पर एसीबी का शिकंजा

**नई दिल्ली।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने मंगलवार को चामराजपेट निर्वाचन क्षेत्र के कांग्रेस विधायक ज़मीर अहमद खान के पांच ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। एसीबी ने खान के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रिपोर्ट के आधार पर उनके पांच ठिकानों की तलाशी ली। एसीबी के अनुसार, चामराजपेट निर्वाचन क्षेत्र के विधायक के बेंगलुरु छावनी में आवास, सिल्वर ओक अपार्टमेंट के एक फ्लैट, सदाशिव नगर में एक गेस्ट हाउस, बनशंकरी में जीके एसोसिएट्स कार्यालय और कलासिपल्या में नेशनल ट्रैवल्स कार्यालय सहित पांच स्थानों पर छापे मारे गए। टीमें दस्तावेजों की जांच कर रही हैं और जांच जारी है। खान पूर्व मंत्री और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धारमैया के करीबी सहयोगी हैं।

## वन-टू-वन

### सानिया और पाविच की जोड़ी विम्बलडन सेमीफाइनल में पहुंची

**विम्बलडन।** भारत की महिला टेनिस स्टार सानिया मिर्जा और उनके क्रोएशियाई जोड़ीदार मेट पाविच की जोड़ी विम्बलडन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। सानिया और पाविच ने मिश्रित युगल के कड़े मुकाबले में कनाडा के गैब्रिएला दाब्रोवस्की और ऑस्ट्रेलिया के जॉन पीयर्स की जोड़ी को क्वार्टर फाइनल में 6-4 3-6 7-5 से हराया। यह मुकाबला करीब डेढ़ घंटे तक चला। अब सानिया और पाविच का सामना अगले दौर में रॉबर्ट फराह और येलेना ओस्टापेंको की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी और नील स्कुप्सी और डिजायर क्रॉविक की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबले की विजेता खिलाड़ी से होगा। ऑल इंग्लैंड क्लब पर मिश्रित युगल में यह सानिया का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। वह इससे पहले साल 2011, 2013 और 2015 में भी क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी।

### बल्लेबाज आक्रमण रुख अपनाये तो धैर्य रखें गेंदबाज : सिराज

**बर्मिंघम।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा है कि जब बल्लेबाज आक्रामक रुख के साथ बल्लेबाजी कर रहा हो तो गेंदबाजों को उस समय धैर्य रखना चाहिये। सिराज ने कहा कि इसी कारण वह इंग्लैंड के बल्लेबाज जानी बेयरस्टो की बल्लेबाजी के दौरान परेशान नहीं थे।बेयरस्टो ने पहली पारी में शतक लगाकर अपनी टीम को संभाला था। उनके शतक की सहायता से ही इंग्लैंड ने भारत के 416 रन के जवाब में पहली पारी में 284 रन बनाए थे। बेयरस्टो ने धीमी शुरुआत के बाद आक्रामक रुख अपनाया और अपनी पारी में 14 चौके और दो छक्के लगाये। सिराज ने कहा कि मैच के दौरान बेयरस्टो के आक्रामक रुख के बाद भी भारतीय खिलाड़ी परेशान नहीं थे। सिराज ने कहा, ''गेंदबाज के रूप में हमें सिर्फ धैर्य रखना होता है। बेयरस्टो फॉर्म में है और न्यूजीलैंड श्रृंखला से ही वह लगातार आक्रामक बल्लेबाजी कर रहें हैं । इसलिए हमें पता था कि उनका मनोबल बढ़ा हुआ है।'' उन्होंने कहा, ''इसलिए हमारी योजना यही रही कि अपनी मूल बातों पर बने रहें। हमें अपनी क्षमता पर विश्वास रखना होगा, फिर चाहे वह कुछ भी।

### एशियाई और अमेरिकी शेयर बाजारों में बढ़त

**टोक्यो।** एशियाई और अमेरिकी शेयर बाजारों में बढ़त का माहौल है। वहीं यूरोपीय बाजारों में भी उछाल है। एशियाई बाजारों की बात करें तो सिंगापुर स?टॉक एक?सचेंज में सुबह कारोबार के दौरान 0.41 फीसदी की तेजी आई जबकि जापान का निक?केई 1.02 फीसदी की बढ़त पर कारोबर कर रहा है। ताइवान के बाजार में भी 1.80 फीसदी का उछाल रहा जबकि दक्षिण कोरिया का बाजार कॉस?पी 1.44 फीसदी की बढ़त पर देखा गया। चीन का शंघाई कंपोजिट 0.01 फीसदी नुकसान पर कारोबार कर रहा था। दूसरी ओर फेड रिजर्व की ओर से ब?याज दरें बढ़ाए जाने के बाद भी निवेशकों के सकारात्मक रुख से अमेरिकी बाजारों में तेजी है।

# इंग्लैड ने एजबेस्टन टेस्ट में भारत को 7 विकेट से हराया

### रूट और बेयरस्टो ने लगाये शतक
### टेस्ट सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही
### मैन ऑफ द मैच : बेयरस्टो



**एजबेस्टन।** अनुभवी बल्लेबाज जो रूट और जॉनी बेयरस्टो की शतकीय पारियों से मेजबान टीम इंग्लैंड ने यहां एजबेस्टन में खेले गये पांचवें क्रिकेट टेस्ट मैच में टीम इंडिया को सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ही भारतीय टीम का टेस्ट सीरीज जीतने का सपना टूट गया। कोरोना संक्रमण के कारण पिछले साल पूरी नहीं हो पायी यह सीरीज पांचवें टेस्ट में भारत की हार के साथ ही 2-2 से ड्रॉ रही। इस सीरीज में ऑलराउंडर बेन स्टोक्स मेजबान टीम की कप्तानी कर रहे थे जबकि भारतीय टीम की कमान तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के पास थी। पांचवें ओर अंतिम दिन मेजबान टीम ने दूसरी पारी में जीत के लिए मिले 378 रनों के लक्ष्य को केवल तीन विकेट के नुकसान पर ही हासिल कर लिया। मेजबान टीम ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने के समय तक तीन विकेट पर 259 रन बनाये थे। इस प्रकार उसे अंतिम दिन जीत के लिए 119 रनों की जरूरत थी जो उसने लंच से पहले ही आसानी से बना लिए। दूसरी पारी में रूट ने नाबाद 142 जबकि जॉनी बेयरस्टो ने 114 रन बनाये। * रन बनाएं। इस प्रकार भारतीय टीम के हाथों से 15 साल बाद इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतने का अवसर निकल गया। इस मैच में नियमित कप्तान रोहित शर्मा और उपकप्तान लोकेश राहुल टीम में नहीं थे। इससे पहले साल 2007 में राहुल द्रविड़ की कप्तानी में टीम इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 1-0 से टेस्ट सीरीज में जीती थी। द्रविड़ अभी टीम के मुख्य कोच हैं।

इस जीत के साथ ही इंग्लैंड की टीम ने 145 सालों के इतिहास में 5वीं बार टेस्ट क्रिकेट में 300 या उससे अधिक का लक्ष्य हासिल किया है। भारत के खिलाफ इंग्लैंड की टीम ने अपने टेस्ट इतिहास में सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल किया है। इससे पहले उसने साल 2019 में लीड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 359 रन बनाकर मैच जीता था। इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने इस मैच में शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपेन टेस्ट करियर का 12वां लगाया। एजबेस्टन टेस्ट की पहली पारी में भी बेयरस्टो ने शतक लगाया था। उन्होने 106 रन बनाये थे। बेयरस्टो इंग्लैंड के केवल तीसरे खिलाड़ी हैं जो भारत के खिलाफ दोनों पारियों शतक जड़ने में सफल रहे हैं। एजबेस्टन टेस्ट में 220 रन बनाने वाले बेयरस्टो को मैन ऑफ द मैच चुना गया. वहीं रुट ने भारत के खिलाफ अपने टेस्ट करियर का 9वां शतक लगाया। एजबेस्टन टेस्ट में उन्होंने चौथी पारी में 136 गेंदों अपने टेस्ट करियर का 28वां शतक जमाया। इस मैच में भारतीय टीम ने पहली पारी में बढ़त हासिल करने के बाद भी दूसरी पारी में खराब बल्लेबाज के कारण मैच गंवा दिया।

## भारतीय टीम ने एक मैच में बनाये कई रिकार्ड



**बर्मिंघम।** भारतीय क्रिकेट टीम ने एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र क्रिकेट टेस्ट मैच में एकसाथ कई रिकार्ड बनाये हैं। इस टेस्ट की पहली पारी में भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 146 और रवींद्र जडेजा ने 104 रन बनाए। इससे पहले इस मैदान पर एक मैच में कभी भी दो भारतीय खिलाडियों ने शतक नहीं लगाए थे। ऋषभ और जडेजा ने इस मैच में छठे विकेट के लिए 222 रन की साझेदारी की थी। यह इंग्लैंड में भारतीय टीम की ओर से छठे विकेट के लिए अब तक की सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले ऋषभ और राहुल ने साल 2018 में ओवल में 204 रन बनाये थे। इस मैच में पहली बार कप्तानी करते हुए जसप्रीत बुमराह ने स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ही ओवर में बल्ले से 29 रन बनाकर एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है। वह ब्रायन लारा के बतौर कप्तान एक मैच में एक ओवर में सबसे अधिक रनो का विश्व रिकॉर्ड है। इससे पहले वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान ब्रायन लारा ने एक ओवर में 28 रन बनाए थे। इसके अलावा बुमराह ने एजबेस्टन में पहली पारी में 10वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 31 रन बनाये। यह भी दसवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए इस मैदान पर सबसे बड़ा स्कोर है।इस मैच में भारतीय तेज गेंदबाजों ने सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं , यहां तक की पहली पारी के सभी विकेट तेज गेंदबाजों को ही मिले हैं ,इससे पहले कभी भी ऐसा नहीं हुआ।

## विश्व क्रिकेट में पहली बार पुरुष और महिला क्रिकेटरों को मिलेगी समान मैच फीस

### न्यूज़ीलैंड क्रिकेट और खिलाड़ी संघ के बीच हुआ पांच साल का करार

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड में अब महिला और पुरुष क्रिकेटरों को समान वेतन मिलेगा। न्यूजीलैंड पहला देश है जिसमें ये नियम लागू होने जा रहा है। इससे पहले न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) और खिलाड़ी संघ के बीच पांच साल का एक करार हुआ। इस करार के बाद ही एतिहासिक करार के बाद विश्व क्रिकेट में पहली बार देश की पुरुष और महिला क्रिकेटरों को सभी प्रारूपों और प्रतियोगिताओं में समान मैच फीस मिलेगी।

वहीं एनजेडसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड वाइट ने अपने एक बयान में कहा, 'मैं इस तरह के अहम समझौते पर पहुंचने के लिए खिलाड़ियों और बड़े संघों को धन्यवाद और बधाई देता हूं। उन्होंने कहा, 'यह हमारे खेल का सबसे अहम करार है जो एनजेडसी, बड़े संघों और हमारे खिलाड़ियों के लिए बाध्यकारी होने के साथ ही प्रगति और विकास का प्रतीक बनेगा।

गौरतलब है कि एनजेडसी छह बड़े संघों और न्यूजीलैंड क्रिकेट खिलाड़ी संघ के बीच एतिहासिक करार के तहत न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम और घरेलू महिला खिलाड़ियों को सभी प्रारूपों और प्रतियोगिताओं में पुरुषों के समान ही मैच फीस मिलेगी। इससे साफ है कि शीर्ष रैंकिंग वाली महिला क्रिकेटरों को साल में अधिकतम एक लाख 63 हजार 246 न्यूजीलैंड डॉलर (83 हजार 432 न्यूजीलैंड डॉलर से बढ़कर), नौवें रैंकिंग की खिलाड़ी को एक लाख 48 हजार 946 न्यूजीलैंड डॉलर (66 हजार 266 न्यूजीलैंड डॉलर से बढ़कर) और 17वें नंबर की खिलाड़ी को एक लाख 42 हजार 346 न्यूजीलैंड डॉलर (62 हजार 833 न्यूजीलैंड डॉलर से बढ़कर) तक मिलेंगे। वहीं प्रत्येक बड़े संघ की शीर्ष रैंकिंग वाली महिला घरेलू खिलाड़ियों को अधिकतम 19 हजार 146 न्यूजीलैंड डॉलर (तीन हजार 423 न्यूजीलैंड डॉलर से बढ़कर), छठी रैंकिंग की खिलाड़ी को 18 हजार 646 न्यूजीलैंड डॉलर (तीन हजार 423 न्यूजीलैंड डॉलर से बढ़कर) और 12वें नंबर की खिलाड़ी को 18 हजार 146 न्यूजीलैंड डॉलर (तीन हजार 423 न्यूजीलैंड डॉलर से बढ़कर) तक मिलेंगे।

### एजबेस्टन टेस्ट में भारतीय प्रशंसकों पर नस्लीय टिप्पणियों की जांच करेंगे : ईसीबी

**लंदन।** भारत और इंग्लैंड के बीच यहां खेले जा रहे एकमात्र क्रिकेट टेस्ट मैच में नस्लवाद का मामला फिर सामने आया है। कुछ प्रशंसकों ने आरोप लगाया है कि मैच के दौरान भारतीय प्रशंसकों पर मेजबान टीम के प्रशंसकों की ओर से नस्लीय टिप्पणियां की गयीं। एक यूजर ने सोशल मीडिया पर बताया है कि एरिक हॉलीज स्टैंड में भारतीय प्रशंसकों के साथ भेदभाव हुआ। वहीं दूसरे यूजर्स ने कहा है कि बताया है कि मुकाबले के दौरान उन्हें खराब टिप्पणियों का सामना करना पड़ा है जबकि पहले कभी भी ऐसा नहीं हुआ था। वहीं इंग्लैंड व वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा है कि इस मामले में जांच की जाएगी। इस प्रकार के खराब व्यवहार के लिए एजबेस्टन के अधिकारियों ने माफी मांगी है साथ ही कहा है कि इस मामले के दोषियों को सजा दी जाएगी।

## नेशनल असेंबली की स्थायी समिति के सामने पेश हुए रमीज



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अध्यक्ष रमीज राजा ने कहा है कि वह पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) पर किसी प्रकार का आर्थिक बोझ नहीं बढ़ा रहे हैं। रमीज ने नेशनल असेंबली की स्थायी समिति से कहा है कि उनकी जान को खतरा है। साथ ही कहा कि इसी कारण वह बुलेटप्रूफ गाड़ी का उपयोग करते हैं। वहीं बोर्ड अध्यक्ष के रूप में मिलने वाले लाभ और भत्तों को लेकर रमीज ने कहा कि वह किसी भी प्रकार से पीसीबी पर बोझ नहीं बढ़ा रहे हैं क्योंकि स्वास्थ्य के साथ ही कई और चीजों पर होने वाले खर्च को वह स्वयं उठाते हैं। रमीज ने कहा कि वह लाभ के तौर पर केवल पीसीबी की बुलेटप्रूफ गाड़ी का इस्तेमाल करते हैं , यह सुविधा पहले के अध्यक्ष भी लेते रहे हैं। अन्य कोई भी लाभ वह नहीं लेते हैं। बोर्ड अध्यक्ष ने समिति के सदस्यों से स्पष्ट किया कि उन्होंने केवल सेवा नियमों के तहत पीसीबी अध्यक्ष को मिलने वाले दैनिक भत्ते, होटल और यात्रा के लिए पैसे लिए हैं। इस बैठक के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि उनसे पहले भी जो लोग पीसीबी के चेयरमैन रहे थे, उन्होंने भी सुरक्षा खतरों की वजह से बुलेटप्रूफ कार का इस्तेमाल किया था। रमीज पहली बार किसी संसदीय समिति के सामने पेश हुए थे। इस दौरान संसदीय समिति के सदस्यों ने रमीज से पूछा था कि पीसीबी ने सालाना खर्चों पर महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट क्यों नहीं सौंपी? इस पर उन्होंने जवाब दिया कि यह एक सरकारी दस्तावेज है और किसी भी समय उनके लिए उपलब्ध कराया जा सकता है।



# अंकिता लोखंडे फिर बनेंगी अर्चना देशमुख



सुशांत सिंह राजपूत का सबसे फेमस शो पवित्र रिश्ता एक बार फिर नए अंदाज में नई स्टोरी के साथ उनके फैंस के लिए रिलीज होने की तैयारी में हैं. सुशांत को इसी शो ने हर घर में हर दिल अजीज बना दिया था. उन्होंने इसमें मानव का रोल निभाया था. उन्होंने जिस शिद्दत से ये रोल किया था तभी से माना जाने लगा था कि सुशांत एक न एक दिन फिल्मों में भी कुछ बड़ा करेंगे. बताया जा रहा है कि इस शो में अंकिता लोखंडे एक बार फिर काम करेंगी और उन्हें वो ही रोल दिया जा रहा है जो उन्होंने टीवी पर टेलिकास्ट होने वाले शो में किया था. ये रोल था अर्चना देशमुख का. अंकिता और सुशांत ने लंबे वक्त तक इस शो में काम किया. वो एक दूसरे के इतना करीब आ गए थे. इनका अफेयर शुरू हो गया और दोनों कपल के तरह एक दूसरे के साथ रहने लगे. सुशांत वाले रोल के लिए किसी नए चेहरे की तलाश की जा रही है. खबर के मुताबिक ये शो जी5 पर टेलिकास्ट किया जाएगा. जी5 अपने टीवी चैनल जी टीवी पर चले पुराने हिट शो को एक बार फिर ओटीटी पर नई कहानी के साथ पेश कर रहा है. हाल ही में जमाई राजा 2 और कुबूल 2 भी इसी प्लेटफॉर्म पर लॉन्च किए गए. उन्हें लोगों ने खूब पसंद भी किया. सुशांत सिंह राजपूत के फैंस को पवित्र रिश्ता 2.0 के रिलीज होने का लंबे वक्त से इंतजार है. बताया जा रहा है कि इस शो की स्क्रिप्ट पूरी तरह से तैयार कर ली गई है और मानव के रोल के लिए भी नए चेहरे का ऑडिशन किया जा रहा है. लॉकडाउन खत्म होते ही इसके शूट का प्लान कर लिया जाएगा. सुशांत सिंह राजपूत ने इस शो से इतनी लोकप्रियता पाई थी कि उन्हें फिल्मों में जल्दी ही काम मिल गया. हालांकि टीवी के कई स्टार्स फिल्मों में आए लेकिन सुशांत का करियर जिस ऊंचाई पर पहुंचा उतनी सफलता टीवी से आए किसी दूसरे एक्टर ने नहीं देखी. हालांकि फिल्मों में आने के बार सुशांत का अंकिता लोखंडे से ब्रेकअप हो गया था और वो कई दूसरी एक्ट्रेसेज को डेट करने लगे थे. जिनमें सारा अली खान, कृति सेनन से लेकर रिया चक्रवर्ती तक का नाम आता रहता है. इतनी सफलता देखकर भी सुशांत ने 14 जून 2020 को अपने घर में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी।

00

## आदि पुरूष के बाद 'फायर' में नजर आ सकते हैं सैफ अली खान



बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता सैफ अली खान आने वाले दिनों में एक के बाद एक कई फिल्मों से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाले हैं। जिसमें उनकी फिल्म आदि पुरुष भी शामिल है। इस फिल्म की शूटिंग अभिनेता ने काफी समय पहले ही शुरू कर दी है। फिल्म आदि आदि पुरुष में सैफ अली खान के अलावा साउथ के सुपरस्टार अभिनेता प्रभास भी स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे। अब अभिनेता सैफ अली खान को लेकर एक और बड़ी खबर सामने आ रही है। जिसको सुनने के बाद उनके चाहने वालों की खुशी का ठिकाना ही नहीं होगा। जी हां इस वक्त कि आई ताजा खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है अभिनेता सैफ अली खान एक सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक्शन थ्रिलर फिल्म के लिए फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी की एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ बातचीत कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट का टाइटल फायर बताया जा रहा है। जिसका निर्देशन राहुल ढोलकिया करने वाले हैं। जो इससे पहले शाहरुख खान की फिल्म रईस का निर्देशन कर चुके हैं। हालांकि आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अब तक फिल्म के मेकर्स की तरफ से इस प्रोजेक्ट को लेकर कोई भी खुलासा नहीं किया गया है। लेकिन इतना जरूर कहा जा रहा है कि ये एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होने वाली है। जिसकी कहानी मुंबई के तुकाराम नामक इंसान की जिंदगी पर आधारित बताई जा रही है। साथ ही ये भी कहा जा रहा है कि, एक्सेल एंटरटेनमेंट का ये प्रोजेक्ट साल 2022 तक शुरू हो सकता है।

### काम मिलने की वजह से रहता हूं व्यस्तः साहिल उप्पल

अभिनेता साहिल उप्पल ने कहा कि वह पिछले साल के लॉकडाउन के विपरीत इस साल काम मिलने के लिए सभी का आभारी हैं। पिंजरा खूबसूरती का शो का हिस्सा रहे इस अभिनेता का कहना है कि उनका काम उन्हें हर समय महामारी के बारे में नहीं सोचने में मदद कर रहा है। उन्होंने बताया मुझे एक ऐसे बिंदु से अवगत कराया जाता है जहां मैं चिंतित महसूस नहीं करता हूं। इस साल, मेरा काम मुझे व्यस्त और विचलित कर रहा है, जिसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। पिछले साल जब मैं घर पर बैठा था तो कई अन्य की तरह .. मैं खुद को शांत रखने, सकारात्मक सोचने और ध्यान केंद्रित रहने के लिए मेडिटेशन भी करता था।

# ब्रोकन बट ब्यूटीफुल-3 मुश्किल समय में बेहतर महसूस कराने मदद करेगाः हरलीन सेठी



एकता कपूर की वेब सीरीज ब्रोकन बट ब्यूटीफुल ने सभी का दिल जीत लिया था. इस सीरीज के दो सीजन आए और दोनों को ही दर्शकों का बहुत प्यार मिला है. इस सीरीज में हरलीन सेठी और विक्रांत मेसी लीड रोल में नजर आए थे लेकिन सीजन 3 के साथ एक नई कहानी शुरू हो रही है. इस सीजन में सिद्धार्थ शुक्ला और सोनिया राठी लीड रोल में नजर आने वाले हैं. वीर और समायरा की कहानी को अब अगस्तय और रुमी आगे लेकर जाएंगे. अब इस सीरीज के प्रीमियर की अनाउंसमेंट हो गई है. हरलीन सेठी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करके ब्रोकन बट ब्यूटीफुल सीजन 3 के प्रीमियर की जानकारी दी है साथ ही बताया है कि इसका टीजर कब रिलीज होने वाला है. हरलीन ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा- ब्रोकन बट ब्यूटीफुल सीजन 3 के फैंस के लिए समायरा एक स्पेशल मैसेज लेकर आई है. ब्रोकन बट ब्यूटीफुल 3 का प्रीमियर 29 मई को ऑल्ट बालाजी पर होने वाला है. क्या आप एक्साइटिड हैं? हरलीन ने आगे लिखा- हम अपने शो की अनाउंसमेंट किसी बेहतर समय में कर सकते थे. हम आशा करते हैं कि ब्रोकन बट ब्यूटीफुल 3 इस मुश्किल समय में आपको बेहतर महसूस कराने में मदद करेगा. वीडियो में हरलीन कहती हैं प्यार आपको तोड़ सकता लेकिन इसे भरा भी जा सकता है. वीर और समायरा की कहानी भी ऐसी ही थी ना? आपने उनका दिल टूटता हुआ देखा और आपने ही उन्हें साथ लाने का रास्ता भी निकाला. वीर और समायरा की कहानी हमेशा हमारे लिए स्पेशल रहेगी लेकिन इस बार ब्रोकन बट ब्यूटीफुल के दूसरे कपल से मिलने का समय है. रुमी और अगस्तय. आप उन्हें ऐसे बुलाएंगे ना? उनकी कहानी भी दिल टूटने की है लेकिन आपको लगेगा ये आपकी अपनी कहानी है. बिग बॉस 13 के विनर सिद्धार्थ शुक्ला इस सीरीज ने डिजिटल डेब्यू करने जा रहा है।




## तिलमिला गया पाक

जम्मू-कश्मीर में जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन को लेकर पाकिस्तान तिलमिला गया है। पाकिस्तान ने कहा है कि वह जम्मू-कश्मीर में जी-20 देशों की बैठक आयोजित करने के भारत के प्रस्ताव को खारिज करता है। साथ ही उम्मीद करता है कि समूह के सदस्य देश कानून और न्याय की अनिवार्यता से पूरी तरह परिचित होंगे और वे इस प्रस्ताव का मिलकर विरोध करेंगे। जी-20 देशों का प्रभावशाली समूह दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाता है। बता दें कि जम्मू और कश्मीर जी-20 की 2023 बैठकों की मेजबानी करेगा। संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत विशेष दर्जा वापस लेने और अगस्त 2019 में तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद जम्मू-कश्मीर में आयोजित होने वाला यह पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन होगा। अपनी पुरानी घिसी-पिटी बातों को दोहराते उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर एक विवादित क्षेत्र है। काफी लंबे समय से यह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एजेंडे में बना हुआ है। गौरतलब है कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई बार मुंह की खाने के बाद भी जम्मू-कश्मीर का राग अलापना नहीं छोड़ रहा है। जबकि, भारत स्पष्ट कर चुका है कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा। 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को रद करने के भारत द्वारा संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था। भारत के फैसले पर पाकिस्तान से कड़ी प्रतिक्रिया हुई। जिसने राजनयिक संबंधों को लगभग तोड़ दिया था। यहां तक कि भारतीय दूत को निष्कासित कर दिया। पाकिस्तान ने भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार भी रोक दिया। दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के प्रभावशाली समूह जी-20 की बैठक अगले साल जम्मू-कश्मीर में करवाकर केंद्र सरकार पूरी दुनिया खासकर पड़ोसी मुल्क को संदेश देना चाहती है। कश्मीर मुद्दे के बावजूद जम्मू-कश्मीर में सम्मेलन कर पाकिस्तान और चीन के गठजोड़ को भी संदेश देना उद्देश्य है। इतना ही नहीं भारत अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में धरातल पर आए बदलाव से भी पूरी दुनिया को अवगत कराना चाहता है। जम्मू-कश्मीर में जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन को आयोजित करने के पीछे कई वजहें हैं। भारत समूह की अध्यक्षता करते हुए पहला ही सम्मेलन जम्मू-कश्मीर में करवाकर पूरी दुनिया को यहां की वास्तविकता से रूबरू कराना चाहता है। वह यह दिखाना चाहता है कि सभी मोर्चों पर आमूलचूल बदलाव आए हैं। चाहे आतंकवाद का मोर्चा हो या अलगाववाद का, चाहे विकास का मुद्दा हो या फिर बेरोजगारी का, सभी क्षेत्र में बदलाव हुए हैं। जम्मू-कश्मीर के हालात के साथ पाकिस्तान के खिलाफ संदेश जाएगा कि वह अपनी धरती से आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। इसमें सभी देश पाकिस्तान के खिलाफ आवाज उठा सकते हैं। दूसरा 370 हटने, परिसीमन आयोग की रिपोर्ट और कश्मीर मुद्दे पर रोजाना राग अलापने वाले पड़ोसी मुल्क को भी सच दिखाने की कोशिश होगी। पाकिस्तानी विदेश विभाग ने अपने घिसे-पिटे आरोपों को दोहराते हुए जम्मू और कश्मीर में व्यापक अत्याचार और गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन का जिक्र किया। जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 के खात्मे से चिढ़े हुए पाकिस्तान ने कश्मीर में एकतरफा और अवैध कार्रवाइयों का जिम्मेदार बता दिया है।

# कैसे मिलेगा भुखमरी से छुटकारा?

रमेश सर्राफ धमोरा

आज के आधुनिक युग में जहां पूरी दुनिया हाईटेक हो रही है। नित नए आविष्कार हो रहे हैं। दुनिया में तकनीकी का बोलबाला है। ऐसे में दुनिया भर के देशों में लोग भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। यह एक डरावना सत्य है। एक ओर जहां लोगों के रहन-सहन, जीवन-यापन के स्तर में काफी बदलाव देखने को मिलता है। लोग पहले की अपेक्षा अधिक सुख सुविधाओं के साथ जीवन यापन कर रहे हैं। वही एक तबका ऐसा भी है जिनको खाने को भरपेट भोजन भी नहीं मिल रहा है। भोजन के अभाव में लोग भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। 21वीं सदी में आधुनिक होते जा रहे लोगों के लिए भुखमरी से होने वाली मौत एक करारे तमाचे से कम नहीं है। जब तक दुनिया के हर इंसान को दोनों वक्त भरपेट भोजन नहीं मिलेगा तब तक सारी तरक्की बेमानी है। लोगों को भुखमरी से निजात दिलाने की दिशा में सभी को सकारात्मक और प्रभावी कार्यवाही करनी होगी। ताकि आने वाले समय में किसी भी जिंदा इंसान की भुखमरी से मौत ना हो सके। मानव जाति की मूल आवश्यकताओं की बात करें तो रोटी, कपड़ा और मकान का ही नाम आता है। इनमे रोटी सर्वोपरि है। रोटी यानी भोजन की अनिवार्यता के बीच आज विश्व के लिए शर्मनाक तस्वीर यह है कि वैश्विक आबादी का एक बड़ा हिस्सा अब भी भुखमरी का शिकार है। अगर भुखमरी की इस समस्या को भारत के संदर्भ में देखे तो संयुक्त राष्ट्र द्वारा भुखमरी पर जारी रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के सर्वाधिक भुखमरी से पीड़ित देशों में भारत का नाम प्रमुखता से है। खाद्यान्न वितरण प्रणाली में सुधार तथा अधिक पैदावार के लिए कृषि क्षेत्र में निरन्तर नये अनुसंधान के बावजूद भारत में भुखमरी के हालात बदतर होते जा रहे हैं। जिसकी वजह से भारत 116 देशों के वैश्विक भुखमरी सूचकांक (जीएचआई) 2021 में फिसलकर 101वें स्थान पर आ गया हैं। इस मामले में हम अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल से भी पीछे है।

जीएचआई में भारत के खराब प्रदर्शन की बात करें तो यह बीते कुछ सालों से लगातार जारी है। 2017 में इस सूचकांक में भारत का स्थान 100वां था। साल 2018 के इंडेक्स में भारत 119 देशों की सूची में 103वें स्थान पर रहा। वहीं 2019 में देश 117 देशों में 102वें स्थान पर रहा था। वर्ष 2020 में भारत 94 वें स्थान पर था। भारत का जीएचआई स्कोर भी गिर गया है। यह साल 2000 में 38.8 था जो 2012 और 2021 के बीच 28.8- 27.5 के बीच रहा। जीएचआई स्कोर की गणना चार संकेतकों पर की जाती है। जिनमें अल्पपोषण, कुपोषण, बच्चों की वृद्धि दर और बाल मृत्यु दर शामिल हैं।

रिपोर्ट के अनुसार पड़ोसी देश नेपाल, बांग्लादेश, म्यांमार और पाकिस्तान भी भुखमरी को लेकर चिंताजनक स्थिति में हैं। लेकिन भारत की तुलना में अपने नागरिकों को भोजन उपलब्ध कराने को लेकर बेहतर प्रदर्शन किया है। भूख और कुपोषण पर नजर रखने वाली वैश्विक भुखमरी सूचकांक की वेबसाइट पर बताया गया कि चीन, ब्राजील और कुवैत सहित अठारह देशों ने पांच से कम के जीएचआई स्कोर के साथ शीर्ष स्थान साझा किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक भूख के खिलाफ लड़ाई पटरी से उतर गई है। वर्तमान जीएचआई अनुमानों के आधार पर पूरी दुनिया और विशेष रूप से 47 देश-2030 तक लक्ष्य के निम्न स्तर को प्राप्त करने में विफल रहेंगे। इसमें यह भी कहा गया है कि खाद्य सुरक्षा पर कई मोर्चों पर बिगड़ती स्थितियां, वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन से संबद्ध मौसम के बदलाव और कोविड -19 महामारी से जुड़ी आर्थिक और स्वास्थ्य चुनौतियां भुखमरी को बढ़ा रही हैं।

सहायता कार्यों से जुड़ी आयरलैंड की एजेंसी कंसर्न वर्ल्डवाइड और जर्मनी के संगठन वेल्ट हंगर हिल्फ द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई रिपोर्ट में भारत में भूख के स्तर को चिंताजनक बताया गया है।



हालिया रिपोर्ट के अनुसार भारत में बच्चों की उम्र के हिसाब से वृद्धि न होने की दर 1998-2002 के बीच 17.1 प्रतिशत थी। जो 2016-2020 के बीच बढ़कर 17.3 प्रतिशत हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में लोग कोविड -19 और महामारी संबंधी प्रतिबंधों से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। दुनिया भर में सबसे अधिक चाइल्ड वेस्टिंग की दर यहीं है।

रिपोर्ट में भुखमरी की स्थिति के लिहाज से दुनिया के 119 देशों को खतरनाक, अत्याधिक खतरनाक और गंभीर जैसी तीन श्रेणियों में रखा गया है। इनमें भारत गंभीर की श्रेणी में है। रिपोर्ट के अनुसार भारत की इस स्थिति के कारण ही दक्षिण एशिया का प्रदर्शन हंगर इंडेक्स में और बिगड़ा है। भारत एक ऐसा देश जो अगले एक दशक में दुनिया के सर्वाधिक प्रभावशाली देशो की सूची में शामिल हो सकता हैं। वहां से ऐसे आंकड़े सामने आना बेहद चिंतनीय माना जा रहा है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स में विश्व भर में भूख के खिलाफ चल रहे अभियान की उपलब्धियों और नाकामियों को दर्शाया जाता है। भुखमरी को लेकर यह रिपोर्ट भारत सरकार की गंभीरता पर प्रश्नचिन्ह खड़े करती हैं। श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार हमसे आर्थिक से लेकर तमाम तरह की मोटी मदद पाते हैं। मगर भुखमरी पर रोकथाम के मामले में हमारी हालत उनसे भी बदतर क्यों हो रही है? इस सवाल पर ये तर्क दिया जा सकता है कि श्रीलंका व नेपाल जैसे कम आबादी वाले देशों से भारत की तुलना नहीं की जा सकती। यह बात सही है लेकिन साथ ही इस पहलू पर भी ध्यान देने की जरूरत है कि भारत की आबादी श्रीलंका और नेपाल से जितनी अधिक है। भारत के पास क्षमता व संसाधन भी उतने ही अधिक हैं।

खाद्य की बर्बादी की ये समस्या सिर्फ भारत में नही बल्कि पूरी दुनिया में है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक पूरी दुनिया में प्रतिवर्ष 1.3 अरब टन खाद्यान्न खराब होने के कारण फेंक दिया जाता है। कितनी बड़ी विडम्बना है कि एक तरफ दुनिया में इतना खाद्यान्न बर्बाद होता है और दूसरी तरफ दुनिया के लगभग 85 करोड़ लोग भुखमरी का शिकार हैं। क्या यह अनाज इन लोगों की भूख मिटाने के काम नहीं आ सकता? पर व्यवस्था के अभाव में ये नहीं हो पा रहा है।

महत्वपूर्ण सवाल यह भी है कि हर वर्ष हमारे देश में खाद्यान्न का रिकार्ड उत्पादन होने के बावजूद क्यों देश की लगभग एक चैथाई आबादी को भुखमरी से गुजरना पड़ता है? यहां मामला यह है कि हमारे यहां हर वर्ष अनाज का रिकार्ड उत्पादन तो होता है। पर उस अनाज का एक बड़ा हिस्सा लोगों तक पहुंचने की बजाय कुछ सरकारी गोदामों में तो कुछ इधर-उधर अव्यवस्थित ढंग से रखे-रखे सड़ जाता है। संयुक्त राष्ट्र के एक आंकड़े के मुताबिक देश का लगभग 20 फीसद अनाज भण्डारण क्षमता के अभाव में बेकार हो जाता है। इसके अतिरिक्त जो अनाज गोदामों में सुरक्षित रखा जाता है। उसका भी एक बड़ा हिस्सा समुचित वितरण प्रणाली के अभाव में जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने की बजाय बेकार पड़ा रह जाता है। भारत में भुखमरी से निपटने के लिए अनेको योजनाएं बनी हैं लेकिन उनकी सही तरीके से पालना नहीं होती है। महंगाई और खाद्य पदार्थों की कीमतों में उछाल ने गरीबों और कम आय वाले लोगों को असहाय बना दिया है। हमारे देश में सरकार द्वारा भुखमरी को लेकर कभी उतनी गंभीरता दिखाई ही नहीं गई जितनी कि होनी चाहिए। यहां सरकार द्वारा हमेशा भुखमरी से निपटने के लिए सस्ता अनाज देने सम्बन्धी योजनाओं पर ही विशेष बल दिया गया।

## सुखी जीवन की राह

एक राजा हमेशा तनाव में रहता था। एक दिन उससे मिलने एक विचारक आया। उसने राजा से उसकी परेशानी पूछी तो वह बोला - मैं एक सफलतम राजा बनना चाहता हूं, जिसे प्रजा का हर व्यक्ति पसंद करे। मैंने अब तक अनेक सफल राजाओं के विषय में पढ़ा और उनकी नीतियों का अनुसरण किया, किंतु मुझे वैसी सफलता नहीं मिली। लाख प्रयासों के बावजूद मैं एक अच्छा राजा नहीं बन पा रहा हूं। राजा की बात सुनकर विचारक ने कहा- जब भी कोई व्यक्ति अपनी प्रकृति के विपरीत कोई काम करता है, तो यही होता है। राजा ने हैरानी जताते हुए कहा - मैंने अपनी प्रकृति के विपरीत क्या काम किया? विचारक बोला - तुम्हें बाकी लोगों पर हुक्म चलाने का अधिकार प्रकृति से नहीं मिला है। तुम जब बाकी लोगों की तरह साधारण जीवन बिताओगे, तभी तुम्हें आनंद मिलेगा। जंगल में रहने वाले शेर की जान उसकी खाल की वजह से हमेशा खतरे में रहती है, क्योंकि वह बहुत कीमती होती है। इसी वजह से वह रात में शिकार पर निकलता है, इस भय से कि सुंदर खाल के कारण उसे कोई मार न डाले। शेर तो अपनी खाल को नहीं त्याग सकता, किंतु तुम अपनी सफलता के लिए स्वयं को राजा मानना छोड़ सकते हो। जब तक स्वयं को राजा मानते रहोगे, दुख ही पाओगे। राजा को विचारक की बात जंच गई और उस दिन से वह सुखी हो गया। दरअसल अपेक्षा दुख का कारण है। इसलिए किसी से कोई अपेक्षा न रखें और अपने कर्म करते हुए सहज जीवन जिएं तो निर्मल आनंद की अनुभूति सुलभ हो जाती है।

## डॉ? श्यामाप्रसाद मुखर्जी जन्म जयंती

अरविन्द प्रेमचंद जैन

6 जुलाई 1901 को कलकत्ता के अत्यन्त प्रतिष्ठित परिवार में डॉ? श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी का जन्म हुआ। उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे एवं शिक्षाविद् के रूप में विख्यात थे। डॉ? मुखर्जी ने 1917 में मैट्रिक किया तथा 1921 में बी0ए0 की उपाधि प्राप्त की। 1923 में लॉ की उपाधि अर्जित करने के पश्चात् वे विदेश चले गये और 1926 में इंग्लैण्ड से बैरिस्टर बनकर स्वदेश लौटे। अपने पिता का अनुसरण करते हुए उन्होंने भी अल्पायु में ही विद्याध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलताएँ अर्जित कर ली थीं। 33 वर्ष की अल्पायु में वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बने। इस पद पर नियुक्ति पाने वाले वे सबसे कम आयु के कुलपति थे। एक विचारक तथा प्रखर शिक्षाविद् के रूप में उनकी उपलब्धि तथा ख्याति निरन्तर आगे बढ़ती गयी।

### राजनीतिक जीवन

डॉ? श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने स्वेच्छा से अलख जगाने के उद्देश्य से राजनीति में प्रवेश किया। डॉ? मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धान्तवादी थे। उन्होने बहुत से गैर कांग्रेसी हिन्दुओं की मदद से कृषक प्रजा पार्टी से मिलकर प्रगतिशील गठबन्धन का निर्माण किया। इस सरकार में वे वित्तमन्त्री बने। इसी समय वे सावरकर के राष्ट्रवाद के प्रति आकर्षित हुए और हिन्दू महासभा में सम्मिलित हुए। मुस्लिम लीग की राजनीति से बंगाल का वातावरण दूषित हो रहा था। वहाँ साम्प्रदायिक विभाजन की नौबत आ रही थी। साम्प्रदायिक लोगों को ब्रिटिश सरकार प्रोत्साहित कर रही थी। ऐसी विषम परिस्थितियों में उन्होंने यह सुनिश्चित करने का बीड़ा उठाया कि बंगाल के हिन्दुओं की उपेक्षा न हो। अपनी विशिष्ट रणनीति से उन्होंने बंगाल के विभाजन के मुस्लिम लीग के प्रयासों को पूरी तरह से नाकाम कर दिया। 1942 में ब्रिटिश सरकार ने विभिन्न राजनैतिक दलों के छोटे-बड़े सभी नेताओं को जेलों में डाल दिया। डॉ? मुखर्जी इस धारणा के प्रबल समर्थक थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं। इसलिए धर्म के आधार पर वे विभाजन के



कट्टर विरोधी थे। वे मानते थे कि विभाजन सम्बन्धी उत्पन्न हुई परिस्थिति ऐतिहासिक और सामाजिक कारणों से थी। वे मानते थे कि आधारभूत सत्य यह है कि हम सब एक हैं। हममें कोई अन्तर नहीं है। हम सब एक ही रक्त के हैं। एक ही भाषा, एक ही संस्कृति और एक ही हमारी विरासत है। परन्तु उनके इन विचारों को अन्य राजनैतिक दल के तत्कालीन नेताओं ने अन्यथा रूप से प्रचारित-प्रसारित किया। बावजूद इसके लोगों के दिलों में उनके प्रति अथाह प्यार और समर्थन बढ़ता गया। अगस्त, 1946 में मुस्लिम लीग ने जंग की राह पकड़ ली और कलकत्ता में भयंकर बर्बरतापूर्वक अमानवीय मारकाट हुई। उस समय कांग्रेस का नेतृत्व सामूहिक रूप से आतंकित था।

### जनसंघ की स्थापना

ब्रिटिश सरकार की भारत विभाजन की गुप्त योजना और षड्यन्त्र को एक कांग्रेस के नेताओं ने अखण्ड भारत सम्बन्धी अपने वादों को ताक पर रखकर स्वीकार कर लिया। उस समय डॉ? मुखर्जी ने बंगाल और पंजाब के विभाजन की माँग उठाकर प्रस्तावित पाकिस्तान का विभाजन कराया और आधा बंगाल और आधा पंजाब खण्डित भारत के लिए बचा लिया। गान्धी जी और सरदार पटेल के अनुरोध पर वे भारत के पहले मन्त्रिमण्डल में शामिल हुए। उन्हें उद्योग जैसे महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गयी। संविधान सभा और प्रान्तीय संसद के सदस्य और केन्द्रीय मन्त्री के नाते उन्होंने शीघ्र ही अपना विशिष्ट स्थान बना लिया। किन्तु उनके राष्ट्रवादी चिन्तन के चलते अन्य नेताओं से मतभेद बराबर बने रहे। फलत~ राष्ट्रीय हितों की प्रतिबद्धता को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानने के कारण उन्होंने मन्त्रिमण्डल से त्यागपत्र दे दिया। उन्होंने एक नई पार्टी बनायी जो उस समय विरोधी पक्ष के रूप में सबसे बड़ा दल था। अक्टूबर, 1951 में भारतीय जनसंघ का उद्भव हुआ।

### संसद में

डॉ? मुखर्जी जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। उस समय जम्मू कश्मीर का अलग झण्डा और अलग संविधान था।

# द्रौपदी मुर्मू का चयन महिला सशक्तीकरण के संकल्प का प्रतिबिंबि

### सूडोकु नवताल- 6123

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6122 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |

नेहा बग्गा

देश में हम आजादी के 75 वर्ष मना रहे हैं और इस अमृत महोत्सव में एनडीए की राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के चयन से पूरे देश में खुशी का माहौल है। मध्यप्रदेश ही नहीं, जनजाति समाज ही नहीं अपितु पुरे देश को आज गर्व की अनुभूति हो रही है। देश के इतिहास में यह पहली बार होगा जब कोई पूर्व पार्षद राष्ट्रपति बनने के बेहद करीब पहुंच गया है। राष्ट्रपति प्रत्याशी के रूप में द्रौपदी मुर्मू के चयन ने भले ही उन लोगों को चौंका दिया हो, जो राष्ट्रपति पद को एक विशेष दायरे में सीमित करके देखते हैं। लेकिन भाजपा संसदीय दल का यह निर्णय वास्तव में जनजातियों और महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में भाजपा की नीतियों का ही प्रतिबिंब है।

ओडिशा में जन्मी द्रौपदी मुर्मू ने भुवनेश्वर स्थित रमादेवी महिला कॉलेज से स्नातक की डिग्री (बीए) हासिल की। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत बतौर शिक्षक के रूप में की, फिर वह राजनीति में आ गईं। साल 1997 में पार्षद के रूप में मुर्मू ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की। इसके 3 साल बाद 2000 में पहली बार विधायक बनीं और फिर भाजपा-बीजेडी सरकार में दो बार मंत्री भी रहीं। बाद में मुर्मू झारखंड की राज्यपाल बनीं और इस प्रदेश की पहली महिला राज्यपाल भी बनीं। यही नहीं वह देश के किसी भी प्रदेश की राज्यपाल बनने वाली देश की पहली आदिवासी महिला नेता भी हैं। ओडिशा के मयूरभंज जिले से ताल्लुक रखने वाली द्रौपदी मुर्मु



झारखंड की पहली महिला आदिवासी राज्यपाल बनीं और सबसे लंबे समय तक इस पद पर रहीं। झारखंड की राज्यपाल रहते हुए पक्ष और विपक्ष दोनों ही उनकी कार्यशैली के मुरीद रहे। उन्होंने ओडिशा के सर्वोत्तम विधायक को दिया जाने वाला नीलकंठ पुरस्कार भी हासिल किया है। इस पद से रिटायर होने के बाद ओडिशा के मयूरभंज जिले के रायरंगपुर में रह रही हैं। द्रौपदी मुर्मू अपनी साफ छवि और बेबाक फैसलों के लिए जानी जाती हैं। इनकी निजी जिंदगी भले ही त्रासदियों से भरी रही हो, लेकिन देश के इस सबसे बड़े पद पर उनका नामांकन होना ये साबित करता है कि वह मुश्किल हालातों से निपटना बखूबी जानती हैं।

भारतीय जनता पार्टी ने सदैव सबका साथ सबका विकास और सबके प्रयासों के साथ समाज के वंचित पीड़ित शोषित वर्गों को प्रतिनिधित्व दिलवाने के लिए अनेकों काम किए हैं और योजनाएं चलाई हैं। चाहे विधायिका और मंत्रिमंडलों में महिलाओं, पिछड़ों और आदिवासियों की संख्या की बात हो, या फिर 26 जनवरी की परेड हो, भाजपा की नीतियां सरकार के निर्णयों से छलकती रही हैं। बीते वर्षों में आदिवासियों और महिलाओं के हितों में भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारों ने जो निर्णय लिए हैं, जो काम किए हैं, वो अभूतपूर्व हैं। पार्टी के इन निर्णयों और कामों में मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार की अग्रणी भूमिका रही है। लाड़ली लक्ष्मी योजना से लेकर भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने के निर्णय तक पूरे देश के लिए अनुकरणीय रहे हैं।

मध्यप्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां निकाय व स्थानीय पंचायत के चुनाव में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए 50त्न का आरक्षण दिया और आज जब हम चुनावी मैदान में है तो यह देखने को मिलता है कि महिलाएं लगभग 80त्न के आसपास आज चुनावी रण में है। यह समाज और प्रदेश के लिए अत्यंत सौभाग्य का विषय है की ग्रहणी से लेकर फाइटर जेट तक मध्य प्रदेश की बेटियां लगातार अपने पंख फैला रही हैं। मध्यप्रदेश से पिछले दिनों राज्यसभा की दोनों सीटों पर दो महिला प्रत्याशियों को निर्विरोध चयन कर सर्वोच्च सदन राज्यसभा में भेजा गया है। जिसमें सुमित्रा वाल्मिकी देश की पहली वाल्मिकी समाज से आने वाली सांसद बनी, वहीं पिछड़ा वर्ग से कविता पाटीदार को राज्यसभा भेजा गया। यह मध्यप्रदेश में महिला सशक्तीकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों का ही नतीजा है कि आज 42 लाख लाडली लक्ष्मी मध्यप्रदेश में हैं।

## भाजपा: लोकतंत्र की चिंता ?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

हैदराबाद में भाजपा की कार्यसमिति की बैठक काफी धूम-धड़ाके से संपन्न हो गई लेकिन अभी तक यह पता नहीं चला है कि भाजपा की सरकारों और पार्टी ने कौन-कौन-से कार्य करने का संकल्प लिया है लेकिन उसमें शामिल हुए नेताओं के भाषणों में से कुछ उल्लेखनीय बिंदु जरुर उभरे हैं। जैसे अल्पसंख्यकों के कमजोर वर्गो (पसमांदा) की भलाई का आह्वान, राजनीति में परिवारवाद का उन्मूलन और अगले 25-30 साल तक भाजपा-शासन के चलते रहने की आशा! जहां तक अल्पसंख्यकों याने मुसलमानों के कमजोर वर्ग का सवाल है, इसमें शक नहीं कि उनके 80-90 प्रतिशत लोग ऐसे ही वर्गों से आते हैं। ये सब लोग पहले हिंदू ही थे। ये लोग गरीब हैं, मेहनतकश हैं, पिछड़ी जातियों के हैं और ज्यादातर अशिक्षित हैं। इनके मुसलमान बनने का एक बड़ा कारण यह भी रहा है। विदेशी हुक्मरानों के इन कृपाकांक्षी लोगों का उद्धार करने में वे शासक भी असमर्थ रहे। 1947 में भारत-विभाजन के कारण इनकी हालत पहले से भी ज्यादा बदतर हो गई। कुछ मुट्ठीभर चतुर-चालाक लोगों ने अपने अल्पसंख्यक होने का फायदा जरुर उठाया लेकिन ज्यादातर मुसलमानों की आर्थिक, शैक्षणिक और जातीय हैसियत आज भी ज्यों की त्यों बनी हुई है। राजनीति के दांव-पेचों ने इनके अलगाववाद को मजबूत ही किया है। यदि इनकी तरफ भाजपा विशेष ध्यान देगी तो देश का भला ही होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इनके तुष्टिकरण नहीं, तृप्तिकरण की बात सही कही है। सरसंघचालक मोहन भागवत तो पहले ही कह चुके हैं कि भारत के हिंदुओं और मुसलमानों का डीएनए एक ही है। यह संतोष का विषय है कि उदयपुर और अमरावती की घटनाओं को भाजपा तूल नहीं दे रही है, वरना भारत में अराजकता फैल सकती थी। यह भाजपा के नेतृत्व की दूरंदेशी का परिचायक है। जहां तक परिवारवाद का सवाल है, उसके खिलाफ मैं बराबर लिखता रहा हूं लेकिन दुनिया में लोकतंत्र को खतरा सिर्फ परिवारवाद से ही नहीं है, नेताओं और कार्यकर्त्ताओं के अहंकारवाद से भी है। नेपोलियन, हिटलर, मुसोलिनी, स्तालिन, माओ त्से तुंग आदि क्या परिवारवाद के कारण सत्तारुढ़ हुए थे? उन्होंने अपने दम पर ही लोकतंत्र की जड़ों को मट्ठा पिला रखा था। यदि भाजपा-सरकार की नीतियां दिखावटी नहीं, सच्ची लोकहितकारी रहीं तो वह अगले 25-30 साल क्या, और भी ज्यादा वर्षों तक राज करती रह सकती है।

# वार्ड 12 में करोड़ों रुपए खर्च लेकिन विकास नजर नहीं आताः राजेंद्र शर्मा

### -स्ट्रीट लाइट के लिए 50 लाख हुए स्वीकृत, लेकिन लाइट नहीं है वार्ड में

**मुरैना।** नगरीय निकाय चुनाव मैं वार्ड क्रमांक 12 की प्रत्याशी श्रीमती पिंकी शर्मा के पति राजेंद्र शर्मा रज्जू ने भाजपा प्रत्याशी के पति संजय शर्मा जो कि तत्कालीन पार्षद वार्ड से रह चुके हैं, उन पर नगर निगम में लूट खसोट करने के आरोप लगाते हुए वार्ड में व्याप्त गंदगी, बिजली, पानी, सड़क आदि की दुर्दशा के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

राजेंद्र शर्मा ने बताया कि वार्ड क्रमांक 12 से तत्कालीन पार्षद संजय शर्मा 10 साल से पार्षद है और एक दशक के कार्यकाल में उन्होंने वार्ड में विकास कार्यों के नाम पर करोड़ों रुपए स्वीकृत कराए, लेकिन धरातल पर कोई कार्य नहीं हुआ है, जिससे वार्ड में आज भी गंदगी व जलभराव हो रहा है। सड़कों की हालत खस्ता है, जगह-जगह कूड़ा घर बने हुए है। स्ट्रीट लाइट और पेयजल के संकट से यहां के रहवासी जूझ रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस वार्ड में 5 करोड़ 69 लाख 38 हजार रुपए नाली, सड़क, खरंजा के नाम पर निगम से स्वीकृत हुए थे, लेकिन वास्तविक रुप से वार्ड में कोई कार्य नहीं हुए हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड में प्रकाश व्यवस्था के नाम पर तकरीबन 50 लाख रुपए नगर निगम ने स्वीकृत किए, लेकिन लाइट कहां लगी, इसका कहीं अता पता नहीं है। इसी तरह वार्ड में स्थित पार्क निर्माण के नाम पर भी भारी गोलमाल एवं अनियमितताएं की गई हैं, जिनका कोई हिसाब किताब नहीं है। इस भ्रष्टाचार के चलते संपूर्ण वार्ड दुर्दशा का शिकार है तथा यहां के रहवासी बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इस बार तत्कालीन पार्षद संजय शर्मा ने अपनी पत्नी को भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में उतारा है, इसलिए उन्हें मतदाताओं को अपने पिछले कार्यकाल के कारनामों का हिसाब किताब देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन पार्षद वार्ड के 6 हजार मतदाताओं का अपमान कर रहे हैं तथा वार्ड में कोई विकास कार्य नहीं किए और चाटुकारिता की दम पर टिकट प्राप्त कर लिया। इसके साथ ही वे मेरे खिलाफ भ्रामक प्रचार कर रहे हैं कि श्रीमती पिंकी राजेंद्र शर्मा को किसी के द्वारा खड़ा किया गया है। राजेंद्र शर्मा ने कहा कि वार्ड की जनता ने मुझे खड़ा किया है, इसलिए में चुनाव लड़ रहा हूं।



### पंचायत चुनाव में कर चुके मतदान अब दोहरे मतदान की तैयारी

निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती पिंकी शर्मा के पति राजेंद्र शर्मा ने मीडिया को बताया कि तत्कालीन पार्षद लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं तथा गांव एवं बार्ड दोनों सूचियों में उनके एवं परिवार के नाम दर्ज हैं तथा परिवार के लोग एवं तत्कालीन पार्षद पंचायत में वोट डाल चुके हैं और अब वार्ड में वोट डालने की तैयारी में है, ऐसे व्यक्ति पर नियमानुसार 420 का मुकदमा दर्ज होना चाहिए तथा कानून की प्रक्रिया का कोई पालन नहीं कर रहे हैं और इन्हें चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए। श्री शर्मा ने आरोप लगाया कि पार्षद संजय शर्मा ने अपने गांव के अन्य पार्षदों के वोट इस वार्ड में बढ़वा रखे हैं, जबकि उन लोगों के वोट पहले से ही गांव में अंकित हैं। इस बार संपन्न हुए पंचायत चुनाव में यह लोग मतदान भी कर चुके हैं। चुनाव आयोग की गाइडलाइन है कि कोई भी व्यक्ति दो बार मतदान नहीं कर सकता, ऐसा करने पर छः माह की सजा का प्रावधान है, लेकिन संजय शर्मा द्वारा गांव के लोगों के जो वोट इस वार्ड में बढ़वाए गए हैं, वह पंचायत चुनाव में मतदान करने के बाद अब वार्ड में आकर मतदान करने की तैयारी कर रहे हैं। श्री शर्मा का कहना है कि इसकी शिकायत उन्होंने निर्वाचन आयोग की वेवसाइट पर स्वयं प्रस्तुत होकर पहले ही कर दी है और इसके बाद भी इन लोगों द्वारा मतदान किया तो उनके खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराई जाएगी।

## एनडीपीएस एक्ट के आरोपी को डेढ वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड

**मुरैना।** एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 में गांजा रखने के मामले में दोषी पाए गए आरोपी को विशेष न्यायालय ने डेढ़ वर्ष का सश्रम कारावास व पंद्रह हजार रुपये के अर्थ दण्ड की सजा से दण्डित किए जाने का फैसला सुनाया है। इस मामले में शासन की ओर से इन्द्र सिंह गुर्जर ने पैरवी की है। अभियोजन के अनुसार 11 सितंबर 2017 को थाना प्रभारी.अजय चानना सिविल लाइन मुरैना को मुखविर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्वालियर तरफ से गांजा लेकर मुरैना आ रहा है। उक्त सूचना पर से वेरियर पर चेकिंग की तो बस से एक पिट्ठू बैग लिए उतरा, जिसकी तलाशी लेने पर पुलिस ने मौके से गांजा बरामद किया। उक्त आरोपी से नाम व पता पूछने पर उसने अपना नाम नानूराय पुत्र कृपाराम निवासी राजापुर हाल निवासी वालाजी नगर उन्नाव दतिया बताया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही कर अप. क्र.613/17 के तहत धारा 8/20 बी 2 के तहत प्रकरण का चालान विशेष न्यायालय में पेश किया गया, जिसमें अभियोजन की ओर से साक्ष्य अंकित कराए गए, जिस पर से मंगलवार को विशेष न्यायालय ने डेढ़ वर्ष की सजा व पंद्रह हजार रुपये के अर्थ दण्ड की सजा सुनाई है।

## मतदान और मतगणना के दिन निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

**मुरैना।** सचिव राज्य निर्वाचन आयोग राकेश सिंह ने प्रदेश की तीनों विद्युत वितरण कम्पनी के प्रबंध संचालक को नगरीय निकाय निर्वाचन में 6 जुलाई और 13 जुलाई को होने वाले मतदान और 17 तथा 18 जुलाई को होने वाली मतगणना के दिन निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## महापौर पद के लिए भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी रबर स्टाम्प : ममता मौर्य

**मुरैना।** नगर पालिक निगम मुरैना के महापौर पद हेतु होने जा रहे निर्वाचन में बहुजन समाज पार्टी की प्रत्याशी श्रीमती ममता मौर्य पिप्पल ने वार्ड क्रमांक 29-30 के क्षेत्र में मतदाताओं से रूबरू होकर अपने लिये आशीर्वाद मांगा। उन्होंने मतदाताओं को भरोसा दिलाया कि बेहतर सडक, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ वातावरण के मुद्दों पर निरास नहीं होना पड़ेगा।

# शादी से पूर्व ससुर ने लिए डेढ़ लाख उधार, मांगने पर लड़की देती है मरने की धमकी

**मुरैना।** शादी से पूर्व ससुर ने अपने होने वाले दामाद के बड़े भाई राजू से ट्रक खरीदने के लिए डेढ़ लाख रुपए उधार ले लिए और शीघ्र देने की बात कही। इस दौरान बेटी का विवाह हो गया और फिर राजू ने अपने रुपए मांगे तो छोटे भाई सूरज का ससुर टालमटोल करता रहा। ज्यादा दबाव बनाने पर अब सूरज की पत्नी अपने ससुर जेठ एवं अन्य ससुराल जनों से आए दिन झगड़ा कर उन्हें धमकाती रहती है और जेल में बंद कराने की धमकी देती है, जिससे परिजन परेशान हैं और उन्होंने थाना प्रभारी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार सूरज पुत्र जगदीश रजक का विवाह दोनियापुरा थाना गोरमी जिला भिंड निवासी निशा पुत्री सोनवीर रजक के साथ 26 फरवरी 2020 में संपन्न हुआ था। विवाह से पूर्व सोनवीर ने सूरज के बड़े भाई राजू से डेढ़ लाख रुपए की राशि ट्रक खरीदने के लिए उधार ले ली और उसे शीघ्र अदा करने को कहा। अधिक समय होने के पश्चात जब राजू रुपए के लिए दबाव बनाने लगा तो सूरज की पत्नी निशा आग बबूला होने लगी और ससुर जेठ सास व अन्य ससुराली जनों से अभद्रता कर गाली गलौज करने लगी। आए दिन वह ससुरालीजनों को झूठे केस में फंसाने की धमकी देती है तो कभी आत्महत्या करने की धमकी देती है, जिससे पूरा परिवार मानसिक रूप से तनाव में आ गया है। निशा के ससुर जगदीश ने अपने छोटे पुत्र सूरज को भी कई बार समझाया, लेकिन वह भी अपनी पत्नी और सास की बातों में आकर परिवार वालों को ही परेशान करता है। इस मामले में जगदीश एवं राजू कई बार थाने में आवेदन दे चुके हैं और मामले की शिकायत मुख्यमंत्री, गृहमत्री, डीजीपी सहित पुलिस के तमाम अधिकारियों से कर चुके हैं, परंतु अभी तक कोई कार्यवाही ना होने से जगदीश एवं उसका परिवार परेशान है तथा मानसिक तनाव से गुजर रहा है। जगदीश एवं उसके परिवार ने आशंका व्यक्त की है कि निशा पत्नी सूरज झगड़ालू प्रवृत्ति की है और वह कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित कर सकती है, इसलिए तत्काल कार्यवाही की जाए।



## चालक की लापरवाही से कैश वैन खड़े ट्रक में घुसी, गनमैन की मौत, 4 घायल



**मुरैना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत एबी रोड पर सुंदरपुर मोड़ के पास मंगलवार की सुबह 11 बजे के लगभग धौलपुर की ओर से आ रही आईसीआई सीआई बैंक की कैश वैन चालक की लापरवाही के चलते खड़े ट्रक में घुस गई और आगे बैठे गनमैन की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह 11 बजे के लगभग आगरा से ग्वालियर के लिए जा रही आईसीआईसीआई बैंक की कैश वैन के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए खड़े ट्रक में टक्कर मार दी, जिससे बेन का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें बैठे गनमैन लक्ष्मण सिंह 62 वर्ष की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चरण सिंह, ड्राइवर अजयवीर सिंह पुत्र गोपाल जाट निवासी नगला दयालपुर हाथरस, गार्ड राजवीर पुत्र महेंद्र जाट आगरा, अजय पुत्र लाल सिंह बघेल 32 वर्ष निवासी आगरा घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस एवं एंबुलेंस गाड़ी मौके पर पहुंची तथा मृतक का शव पीएम हेतु भेजा और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पीएम के बाद मृतक लक्ष्मण सिंह की लाश उनके परिजनों को सौंप दी गई है। पुलिस द्वारा दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया गया है।

# बेटी बचाओ-बेटी पढाओ अभियान के तहत गुर्जर समाज के दंपत्ति ने की अनूठी पहल

### 2 बेटों के माता-पिता की इच्छा थी की घर में बिटिया हो, इसलिए तीसरी बेटी गोद ली

**मुरैना।** छोटा परिवार-सुखी परिवार, अक्सर आपने यह पढा, सुना व देखा होगा। एक बेटा, एक बेटी अथवा दो बेटे होने के बाद अक्सर दंपत्ति फैमिली प्लानिंग कर लेते हैं, लेकिन बेटी न होने का मलाल एक युवा दंपत्ति के मन में ऐसा था कि उन्होंने खुद के 2 बेटे होने के बाद भी एक बेटी गोद लेने का फैसला लिया। उन्होंने न सिर्फ तीसरी संतान के रूप में एक बिटिया गोद ली, बल्कि उसके बेहतर लालन-पालन का संकल्प भी लिया। यहां बता दें कि शहर के युवा समाजसेवी व भाजपा किसान मोर्चा ग्रामीण मुरैना के मंडल अध्यक्ष बल्ली गुर्जर बांसुटा व उनकी पत्नी ऊषादेवी के 2 बेटे थे 11 साल का अजय तथा 9 साल का विजय। 9 साल बाद ऊषादेवी ने अपने पति से कहा कि काश हमारे एक बिटिया होती तो कैसा रहता। यह सुनते ही युवा समाजसेवी ने कहा कि हम फैमिली प्लानिंग कर चुके हैं, केसे संभव हैं। यह सुनकर ऊषा ने अपने पति से कहा कि क्यों न हम एक



बिटिया गोद ले लें। यह सुनकर पति बल्ली गुर्जर ने 15 दिन तक सोच-बिचार करने के बाद घुरैया बसई में रहने वाले बृजमोहन सिंह की बिटिया को गोद ले लिया।

**बेटी का गाजे-बाजे के साथ स्वागत, गांव में बंटवाए लड्डूः** युवा समाजसेवी ने बिटिया गोद लेने के बाद गांव में बैंड-बाजे के साथ स्वागत ही नहीं किया बल्कि, पूरे गांव में मिठाई भी बंटवाई गई। गुर्जर बालुल्य इस गांव के लोगों ने बिटिया के आगमन पर पूरे गांव को दुल्हन की तरह सजाया और उसके स्वागत में पलक पाबड़े बिछा दिए।

**नवदुर्गा में बेटी गोद ली तो नाम रखा गौरीः** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के नारे को सशक्त बनाने के लिए युवा समाजसेवी व उनकी पत्नी द्वारा नवदुर्गा में बिटिया को गोद लिया गया। इसलिए दोनों दंपत्ति ने बेटी का नाम रखा गौरी। तीसरी संतान के रूप में बेटी पाकर ऊषा देवी ने बताया कि आज मेरी बेटी की इच्छा पूरी हुई।

**संत हरिगिरि महाराज का संदेशः बेटी बिना परिवार अधूरा हैः** अंचल में त्रयोदशी, दहेजबंदी, शराबबंदी का अभियान चलाने वाले संत हरिगरि महाराज के शिष्य बल्ली गुर्जर बांसुटा ने चर्चा में बताया कि चंबल क्षेत्र बेटियों को कोख में मारने के लिए बदनाम है। संतश्री हरिगरि महाराज ने सर्व समाज को संदेश दिया था कि बेटी के बिना परिवार अधूरा है। बेटियों को बोझ समझने वाले लोगों के लिए उन्होंने दहेजबंदी जैसा अभियान चलाया। समाज में बेटी की शादी में लाखों-करोड़ों रुपए का दहेज देने की प्रथा पर उन्होंने लगाम लगाई। उनके ही आशीर्वाद से बेटी गोद लेने की इच्छा मन में पैदा हुई और हमने महागौरी के रूप में लक्ष्मीस्वरूपा बेटी को अपने परिवार का सदस्य बनाया।

# हिन्दू समाज ने कन्हैयालाल के हत्यारों को फांसी देने निकाला मौन जुलूस

**मुरैना।** कन्हैयालाल साहू टेलर की नृशंस हत्या से आहत हिन्दू समाज ने मौन जुलूस निकालकर राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है । इसमें हत्यारों को फांसी देने की मांग की गई है । प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि सरकार की कार्यवाही शीघता से नहीं हुई तब हिन्दू समाज को देशव्यापी आंदोलन के लिये बाध्य होना पड़ेगा । मुरैना के हिन्दू समाज द्वारा जीवाजीगंज स्थित रामजानकी मन्दिर से मौन जुलूस आरम्भ किया गया । शहर के प्रमुख मार्गो से निकलता हुआ यह जुलूस पुरानी कलेक्ट्रेट तक पहुंचा । जुलूस में शामिल सभी प्रदर्शनकारी काली पट्टी बांधकर कन्हैयालाल की हत्या पर शोक व्यक्त कर रहे थे । विदित हो कि राजस्थान उदयपुर में कन्हैयालाल साहू टेलर की हत्या तालीवान आतंकियों ने दिनदहाड़े की थी । इस घटना का विडियो भी जारी किया गया । इस घटना के विरोध में सुबह हिन्दू समाज के लोग रामजानकी मंदिर जीवाजीगंज पर एकत्रित हुये। उन्होंने घटना की निंदा करते हुये हत्यारों को सरेआम फांसी पर लटकाने की मांग की। सभी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। न ही ऐसी जघन्य हत्या करने के कानून इजाजत देता है। आमजन में कानून के प्रति विश्वासवृद्धि के लिये आतंकियों को तत्काल सजा की कार्यवाही शुरू होना चाहिए। जुलूस में ओमकार राजपूत, प्रवीण वर्मा, संदीप मिश्रा, बंटी डण्डौतिया, डा. मनीष शर्मा, गिरीश गर्ग, अवधेश गुप्ता, रामसेवक राठौर, देवेन्द्र राठौर, लोकेन्द्र डण्डौतिया, गिर्राज अर्गल, सौरभ शर्मा, धर्मेन्द्र, श्याम सहित सैकड़ों लोग शामिल थे ।

# मध्य प्रदेश निकाय चुनाव में लहराएगा कांग्रेस का परचमः फूल सिंह

### शुक्रवार को होगा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी का रोड शो

**मुरेना।** कांग्रेस के महापौर पद की प्रत्याशी श्रीमती शारदा राजेंद्र सोलंकी के समर्थन में एक आमसभा के साथ प्रेसवार्ता का आयोजन उनके कार्यालय बासुदेव गार्डन मैं रखा गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक फूल सिंह बरैया मौजूद थे।

फूल सिंह बरैया ने कहा कि मध्यप्रदेश में निकाय चुनाव पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के नेतृत्व में पूरी मजबूती के साथ लड़ा जा रहा है और निश्चित तौर पर मध्य प्रदेश की निकाय चुनाव में कांग्रेस का परिचम बुलंद होगा। प्रदेश में अन्य निकायों के साथ-साथ मुरैना में भी कांग्रेस पार्टी का महापौर बनने जा रहा है, साथ ही 45 वार्डों में भी कांग्रेस के पार्षद जीत कर आ रहे हैं। मुरैना की जनता-जनार्दन का आशीर्वाद महापौर प्रत्याशी और पार्षद प्रत्याशियों को मिलेगा, क्योंकि जनता जान चुकी है कि 7 साल से भाजपा का महापौर था, जिसने विकास के नाम पर मुरैना में कोई कार्य नहीं किया। नगर की व्यवस्था को सुधारने के लिए मुरैना कांग्रेस पार्टी से महापौर प्रत्याशी के रूप में श्रीमती शारदा राजेंद्र प्रसाद सोलंकी के समर्थन में उनको जिताने की अपील करने के लिए आया हूं। जो काम हमें करने है, उनके लिए हमने वचन पत्र जारी कर दिया है। इस दौरान उनके साथ स्थानीय विधायक राकेश मावई, शहर एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपक शर्मा, किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सिंह गुर्जर, कांग्रेस महासचिव जसवीर सिंह गुर्जर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश यादव सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उपस्थित रहे।



## भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष नवनीत सेन से एक दिवसीय दौरे पर नगर परिषद पिछोर पहुंचे

**पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष नवनीत सेन एक दिवसीय दौरे पर नगर परिषद पिछोर पहुंचे जहां पर युवा मोर्चा द्वारा नगर परिषद पिछोर में सैकड़ों की तादाद में बाइक रैली निकाली गई पिछोर नगर परिषद की प्रमुख मार्गो से होकर बाइक रैली निकाली गई जिसमें नए युवाओं ने बाइक रैली में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिस में मुख्य रूप से उपस्थित रहे युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गौरव मिश्रा नीलेश पाराशर मंडल अध्यक्ष शिवम गुप्ता अटल हिंदू फाउंडेशन जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी डीआर दुर्गेश मिश्रा विजय पांडे समाजसेवी अजय पांडे समस्त कार्यकर्ता मुख्य रूप से बाइक रैली में सम्मिलित हुए और साथ ही उपस्थित रहे



## स्व.सोमाराम के जन्मदिन पर विशाल रक्तदान शिविर एंव एम्बुलेंस का लोकार्पण किया



**पुष्पाजंली टुडे**

**पुणे–** दिनांक 5जुलाई मंगलवार सुबह स्व.सोमाराम राजाजी राठौड़ के जन्मदिन के उपलक्ष में त्रिदल सभागृह झाला सोसायटी करिश्मा चौक कोथरूड के परिसर में स्व.सोमाराम के तस्वीर पर पुष्पहार अर्पित कर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजित किया गया ।इस अवसर पर वातानुकूलित कार्डियक एम्बुलेंस का लोकार्पण किया गया । शिविर में कुल 115 युनिट रक्त एकत्रित किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेयर मुरली अन्ना मौहल के कर कमलों द्वारा एम्बुलेंस का लोकार्पण किया गया ।इस कार्यक्रम में सचिन नीवग धुणे, शिवलाल राठौड़, असलाराम, संगीता चौधरी, विमला चौधरी सहित मात्र शक्ति एवं स्व.सोमाराम की धर्म पत्नी कन्या राठौड़, वकताराम राठौड़, जेके राठौड़, रमेश राठौड़, हेमन्त चौधरी, रमेश राठौड़, दिनेश राठौड़, मुख्य अतिथि ओमप्रकाश रांका, सुनिल गेहलोत, रविन्द्र सारूख सहित बड़ी संख्या में समाज बन्दु उपस्थित थे

# 6 जुलाई को संपन्न होना है, कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल नगरीय निकाय



### रन्नौद भ्रमण के लिए पहुंचे और वहां अभ्यर्थियों के साथ बैठक रखी।

**हरिओम परिहार**

**रंन्नोद।** कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने सभी अभ्यर्थियों से कहा कि रन्नौद अब नगरीय निकाय बन गया है। यहां 6 जुलाई को प्रथम चरण के तहत मतदान होना है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन सभी अभ्यर्थी करें। नगरीय निकाय में ईवीएम से मतदान कराए जाएंगे। सभी अभ्यर्थियों के एजेंट समय पर पहुंचे। आयोग के निर्देशानुसार एजेंट को मोबाइल ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। जानकारी देते हुए बताया कि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में होना चाहिए। यदि किसी मतदाता के पास वोटर आईडी नहीं है तो आयोग द्वारा बताए गए विभिन्न पहचान पत्रों में से कोई एक पहचान पत्र साथ में ला सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभी अभ्यर्थियों को लेखा-जोखा की जानकारी भी देना है। सभी अभ्यर्थी समय पर व्यय की जानकारी प्रस्तुत करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में कहा कि मतदान केंद्रों पर निगरानी के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा। सभी आयोग के निर्देशों का पालन करें और शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने में समन्वय से काम करें। उन्होंने कहा कि अभी सोशल मीडिया का उपयोग भी प्रचार प्रसार के लिए किया जा रहा है परंतु सोशल मीडिया पर कोई भी भड़काऊ पोस्ट ना डालें। किसी अन्य अभ्यर्थी के बारे में गलत भाषा का उपयोग ना करें। किसी की धार्मिक आस्था को ठेस ना पहुंचाएं। निर्वाचन लोकतंत्र का महापर्व है। शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न हो इसमें सभी अपनी भूमिका निभाएं। किसी के द्वारा दिशानिर्देशों का उल्लंघन किया जाएगा और शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास किया जाएगा तो उसके विरुद्ध कार्यवाही भी की जाएगी।



## सीएम राइज़ स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर मनाया शालेय स्थापना दिवस

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ पुष्पांजलीं टुडे**

**बालाघाट।** सीएम राइज़ शासकीय वीरांगना रानी दुर्गावती उ मा वि बालाघाट में 04 जुलाई 2022 को शाला के 21 वें स्थापना दिवस का आयोजन किया गया । जिसमें कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं ज़िला शिक्षा अधिकारी ए. के. उपाध्याय की अध्यक्षता में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 4 जुलाई 2002 को शाला के नीव रखने वाले प्राचार्य अंगिरा तिवारी एवं स्टाफ़ एस के श्रीवास्तव, डी पी अग्रवाल, के एस मरावी, अशोक चौबे शिक्षक का साल श्रीफल से सम्मान किया गया। सी एम राइज़ प्राचार्य डॉं. युवराज राहंगडाले द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के आरम्भ में कलेक्टर डॉं . गिरीश मिश्रा द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का उदघाटन कर 86 विज्ञान माडल का अवलोकन किया गया एवं सी एम राइज़ के बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। बच्चों से चर्चा करते हुए कलेक्टर डॉ मिश्रा ने बताया कि वे विषम परिस्थितियों में किस प्रकार आईएएस बने। ज़िला शिक्षा अधिकारी ए के उपाध्याय ने बच्चों से सी एम राइज़ के लिए शासन की अपेक्षा के अनुरूप मेहनत कर कार्य करने की बात कही। उपप्राचार्य साजिद मोहिस ने अथितियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।




## बॉलीबॉल एवं थ्रोबॉल खेलकूद का प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू** –बीएमएस महिला महाविद्यालय बसवानगुड़ी मैं अंतर महाविद्यालय वॉलीबॉल एवं थ्रोबॉल खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 20 टीमों ने हिस्सा लिया मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने विजेता टीम को पुरस्कृत करते हुए अपने वक्तव्य में कहा जब सपनों के साथ संकल्प जुड़े होते हैं और उन सपनों को पूरा करने का ईमानदारी से प्रयास होता है और जब प्रयास सपनों से ऊपर होता है तो सफलता स्वयं आकर चरण चूमती है इस अवसर पर प्राचार्य पुटराजू एवं अंतरराष्ट्रीय थ्रो बॉल खिलाड़ी श्रुति केएस उपस्थित थे



# विश्व आदिवासी दिवस मनाने को लेकर आदिवासी समाज लांजी की बैठक सम्पन्न

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ पुष्पांजलीं टुडे**

**बालाघाट।** जिले की लांजी तहसील अंतर्गत नगर स्थित गोंडवाना सामुदायिक भवन में आदिवासी समाज द्वारा 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस मनाने को लेकर बैठक आहुत की गई। जिसमें आगामी कार्यक्रम को लेकर बैठक अध्यक्ष तिरुमाल समलसिंह मसराम के नेतृत्व में आदिवासी समुदाय के लोगों द्वारा कार्यक्रम को लेकर परिचर्चा की गई। जिसके अंतर्गत सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया कि विश्व आदिवासी दिवस व्यापक स्तर पर मनाया जाना हैं। आदिवासी समुदाय कार्यक्रम के दिन अपनी संस्कृति-वेशभूषा के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थिति देंगे। साथ ही लिखित प्रस्ताव लिया गया कि आगामी 10 जुलाई को कार्यक्रम को लेकर बैठक आहुत की जाना हैं। जिसकी सूचना प्रकाशन समस्त आदिवासी समाज लांजी के अध्यक्षों को सूचनापत्र के माध्यम से प्रेषित किया जावेगा और वे अपने ग्राम इकाई के अध्यक्षों को कार्यक्रम बैठक संबंधी सूचना देंगे। आगामी बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, कोर कमेटी का गठन व कार्य विभाजन की जिम्मेदारी दिया जाना हैं। बैठक में प्रमुख रूप से तिरुमाल समलसिंह मसराम, ऋषिकेश घोरमारे, अशोक मर्सकोले, दिलीप उईके, ताराचंद टेकाम, महेंद्र राऊत, मोहित सरवरे, महेश घोरमारे, विजय सोनवाने, अजय नेवारे, महारूलाल चौधरी, रोशन घोरमारे, दीनू उईके जिलाध्यक्ष जीएसयू, राकेश नारनौरे आदिवासी युवा प्रेरक वक्ता, तिरूमाय सीमा पन्द्रे उपस्थित रहे।





## न-टू-वन

### नशे मे धुत्त कंटेनर चालक ने तीन वाहनो को मारी टक्कर, एक की मौत, कई घायल

**भोपाल।** राजधानी के गुनगा थाना इलाके में स्थित एक ढाबे के पास उस समय हंडकप मच गया जब नशे में धुत एक कटेंनर चालक ने अलग-अलग जगहो पर तीन दो पहिया वाहनो को अपनी चपेट मे ले लिया। घटना मे ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई, वही पांच लोग जख्मी हो गए। वाहनो को टक्कर मारकर भाग रहे ट्रक को ईटखेड़ी पुलिस ने पकड जब्त करते हुए आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया। गुनगा पुलिस ने बताया कि ग्राम हिनौती निवासी 55 वर्षीय राजेंद्र नागर खेती किसानी करते थे। बीती शाम वो किसी काम से जा रहे थे, उसी दौरान करीब सात बजे जैसै ही वो इलाके मे स्थित टिंकू ढाबा के सामने पहुचे तभी तेज रफ्तार कंटेनर ने राजेंद्र नागर की बाइक को जोरादार टक्कर मार दी। हादसे मे उन्हे जानलेवा चोंटे आई थी। आसपास के लोगो की मदद से गंभीर हालत में उन्हे इलाज के एंबुलेंस से हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन वहॉ शुरुआती चेकअप के बाद ही डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वही राजेंद्र को टक्कर मारने के बाद मौके से ट्रक लेकर भाग रहे चालक के ग्राम पारदी जोड़ पर एक बाइक पर जा रहे तीन लोगो को को टक्कर मार दी। इसके बाद गोलखेडी क्षेत्र मे इसी ट्रक चालक ने एक अन्य बाइक को अपनी चपेट मे ले लिया। हादसे मे बाइक सवार फारुख ओर उनकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पताल में जारी है। तीन स्थानो पर वाहनो को टक्कर मारने के बाद चालक ट्रक लगातार वाहन सहित भागने की कोशिश कर रहा था। लेकिन ईटखेड़ी थाना पुलिस ने उसका पीछा करते हुए ट्रक को पकड कर जब्त कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।

### देवर ने की थी भाभी की हत्या, अन्य महिला से संबध होने को लेकर होता था विवाद

**भोपाल।** राजधानी के गांधीनगर इलाके में नाले मे मिली महिला की लाश के मामले मे पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा कर मृतका के देवर को रायसेन से गिरफ्तार कर लिया है। थाना पुलिस के मुताबिक गांधीनगर मे स्थित प्रताप वार्ड में रहने वाली 25 वर्षीय शबाना बी घरेलू महिला थी। तीन साल पहले उसकी शादी गाजियाबाद में रहने वाले युवक से हुई थी। बाद में शबाना अपने सास-ससुर पति ओर देवर आसिफ के साथ भोपाल आकर रहने लगी थी। उनकी दो साल की बेटी भी है, जो दिव्यांग है। देवर आसिफ गाधीनगर मे ही एक चिकन शॉप पर काम करता है। पुलिस ने बताया कि करीब छह माह पहले शबाना ने अपने पति से कहा कि वो उसके साथ नहीं रहना चाहती है। वह उसके छोटे भाई शेख आसिफ के साथ रहना चाहती है। इस पर उसका पति उसे छोड़कर गुजरात चला गया और शबाना देवर के साथ लिवइन में रहने लगी थी। बीते दिनो शबाना को जानकारी लगी की शेख आसिफ के एक अन्य युवती से काफी नजदीकिया है, ओर दोनों शादी करने की तैयारी मे हैं। इस बात को लेकर उनके बीच आये दिन झगड़े होने लगे। घटना वाले दिन रविवार- सोमवार की रात भी इसी बात को लेकर शबाना और आसिफ में बीच जमकर विवाद हुआ। आसिफ ने शबाना से जमकर मारपीट की और उसके दुपट्टे से ही गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। बाद मे हत्या को खुदकुशी दिखाने के लिए शबाना के शव को फांसी पर लटकाने की कोशिश भी की, लेकिन जब वो इसमे कामयाब नहीं हो सका तो उसने शव को उठाकर घर से थोडी दूरी पर ले जाकर बने नाले में ठिकाने लगा दिया। आरोपी ने लोगो की नजरो से छिपाने के लिये शव को मिट्टी और झाडियों से ढक दिया था। हत्या के बाद आरोपी आसिफ रायसेन भाग गया। इसके बाद पुलिस ने उसकी लोकेशन ट्रैस कर उसे वही जाकर गिरफ्तार कर लिया।

### नेपाल- नदी पर बने पुल से गिर गई बस, हादसे में 9 लोगों की मौत, 30 घायल

**काठमांडू।** नेपाल के लिए मंगलवार अमंगलकारी रहा यहां रामेछाप जिले में आज सुबह भीषण सड़क दुर्घटना हो गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक हादसे में कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई। 30 लोग घायल बताए जा रहे हैं। स्थानीय पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। इससे पहले 2 जून को नेपाल के रूपनदेही जिले में एक बस के पुल से गिर जाने से कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हो गए। हादसा रूपन्देही के भैरहवा-परासी मार्ग खंड पर उस समय हुआ जब बस रोहिणी नदी पर बने पुल से गिर गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि रोहिणी नदी पर बने पुल से बस के गिरने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक महिला और आठ पुरुष शामिल थे।

### ब्रिटिश अभिनेत्री किम्बर्ली हार्ट-सिंपसन को सेक्स वर्कर समझने लगे लोग

**लंदन।** ब्रिटिश अभिनेत्री का कहना है कि टीवी सीरीज में सेक्स वर्कर के रोल के बाद उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ा।अभिनेत्री किम्बर्ली हार्ट-सिंपसन का कहना है कि सेक्स वर्कर के रोल के बाद कई लोग उन्हें असल में सेक्स वर्कर समझने लगे और उनसे कई लोगों ने रेट तक पूछना शुरू कर दिया। किम्बर्ली ने बताया कि 10 साल तक ऑडिशन के बाद उन्हें यह रोल मिला है। उनके लिए यह किसी सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने बताया कि सेक्स वर्कर्स उन्हें संपर्क करती हैं और निकी के किरदार को इतना रियलिस्टिक बनाने के लिए धन्यवाद देती हैं। किम्बर्ली ने कहा कि निश्चित तौर पर लोगों ने मुझे और मेरे किरदार को मिक्स कर लिया है। पुरुषों को लगता है कि मुझे अप्रोच करना और कितना? कहना फनी है। मैं डेटिंग ऐप्स को यूज करती हूं और वहां भी इसतरह के लोग मिलते रहते हैं। मैं उन्हें सीधे अनमैच कर देती हूं। लेकिन मैं इस बात से रोमांचित हूं, कि चैरिटीज और सेक्स वर्कर्स ने मुझे कॉन्टैक्ट किया और कहा कि निकी को जिस तरह से पोट्रे किया गया वह उन्हें बहुत पसंद आया। क्योंकि वह बहुत रियलिस्टिक है और राइटर्स ने उसे ड्रग या ड्रिंक प्रॉब्लम के साथ पेश नहीं किया है।

# चुनावी मैदान में कमलनाथ से आगे रहे शिवराज

**-नगरीय निकाय के पहले चरण के लिए आज मतदान**

**-मुख्यमंत्री ने 38 सभाएं और 18 रोड-शो किए**

**-कमलनाथ इंदौर छोड़ सभी नगर निगमों में पहुंचे**



**भोपाल।** प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के पहले चरण में बुधवार को 11 नगर निगम में समेत 133 निकायों में मतदान होंगे। इन निकायों में अपनी-अपनी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने जमकर प्रचार किया। हालांकि चुनावी मैदान में शिवराज कमलनाथ से काफी आगे रहे। मतदाताओं पर किसने कितनी छाप छोड़ी है आज उसका प्रभाव दिखेगा। प्रदेश में 11 नगर निगम भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, खंडवा, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा, उज्जैन, सागर, सिंगरौली, सतना में भी पहले चरण में चुनाव होंगे। इसके लिए दोनों प्रमुख दलों ने खूब जमकर प्रचार किए। बड़ी-बड़ी सभाएं हुई, रोड-शो कर मतदाताओं के गली-मोहल्ले तक जाने की कोशिश की गई। अब बुधवार को मतदाता किसे अपना वोट देता है, इसके परिणाम 17 जुलाई को पता चलेंगे।

**शिवराज बनाम कमलनाथ:** इस नगरीय निकाय चुनाव को दोनों पार्टियां विधानसभा चुनाव 2023 का सेमीफाइनल समझकर मैदान में उतरी। बीजेपी ने सीएम शिवराज का चेहरा आगे किया तो कांग्रेस ने पूर्व सीएम कमलनाथ का। ऐसे में सीएम शिवराज सिंह चौहान ने नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 22 जून की शाम से ही प्रचार के लिए जोर-शोर से मैदान में आ गए। एक के बाद एक ताबड़तोड़ तरह से सभाएं और रोड़ शो किए। प्रचार के लिए सभाएं और रैली, रोड-रोश पर 4 जुलाई की शाम को रोक लग गई। इस दौरान सीएम शिवराज ने 13 दिन में 38 सभाएं और 18 रोड शो किए। शिवराज ने न सिर्फ सभी 11 नगर निगम में बीजेपी प्रत्याशियों के समर्थन में उनके क्षेत्र पहुंचे बल्कि नगर पालिका व नगर परिषद तक गए। उधर, कांग्रेस के लिए कमलनाथ ने एक अलग स्ट्रेटजी के साथ चुनाव को मोर्चा संभाला। शिवराज के मुकाबले की उनकी सभाएं और रोड शो भले ही कम हों। लेकिन जनता तक अपनी बात पहुंचाने के लिए सभा और रोड शो में समय कम खर्च कर अलग-अलग शहरों के प्रबुद्धजनों से बात की और मीडिया से चर्चा कर उनके सवालों के जवाब देते दिखाई दिए। कमलनाथ ने इस दौरान 10 सभाएं और लगभग 4 रोड-शो किए।

### नौकरानी ने पहले थोडे-थोडे कर लाखो के जेवरात चुराये, फिर काम छोड दिया

**भोपाल।** नये शहर की अवधपुरी पुलिस ने घर मे साफ सफाई का काम करने आने वाली एक ऐसी नौकरानी को पकडा है, जिसने काम के दौरान नजरे बचाकर लाखो के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। शातिर नौकरानी ने परिवार के शक से बचने के लिये यह गहने एक साथ न चुराकर थोडे-थोडे कर चुराये, ओर बाद मे काम छोड कर चली गई। थाना पुलिस के अनुसार सौम्या पार्क कालोनी में परिवार सहित रहने वाले नीलेश सोनी ने बताया कि वो प्रोफेशनल प्रशिक्षक हैं। उनके घर में चाणक्यपुरी मे रहने वाली अनीता नाम की महिला साफ-सफाई का काम करती थी। 15 जून को अनीता ने अचानक काम छोड दिया। उसके जाने के चंद दिनो बाद नीलेश की पत्नी ने किसी समारोह मे जाने के लिये जेवर पहनने के लिए अलमारी खोली तो देखा कि अलमारी मे रखे सोने के कीमती जेवर गायब है। संदेह के आधार पर पर उन्होने अनीता से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन उसका मोबाइल लगातार बंद आ रहा था। इसके बाद उन्होने मामले की शिकायत पुलिस से कर दी।

## दोनों दलों को बारिश का डर, शुरुआती 6 घंटे में अधिक से अधिक मतदान पर जोर

**भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने कहा-पहले अपने समर्थितों के वोट डलवाओ**



**भोपाल।** भाजपा और कांग्रेस को मतदान के दौरान बारिश का डर सता रहा है। मौसम विभाग ने भी बुधवार को बारिश की चेतावनी दी है। हालांकि दोनों ही दलों के कार्यकर्ताओं से कहा गया है कि वे सुबह जल्दी अपने घरों से निकले और सबसे पहले अपना वोट डालकर अपने पक्ष के वोट सबसे पहले डलवाएं। नगरीय निकाय चुनाव में सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होगा और शाम 5 बजे तक चलेगा। मतदान का कुल समय 10 घंटे रहेगा। बुधवार चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद सभी राजनीतिक दलों के बड़े नेताओं ने अपने-अपने प्रत्याशियों से कहा है कि वे बारिश से बचने के लिए सुबह से ही मतदान करवाने पर ध्यान दें और मतदाताओं को घर से निकालकर शुरुआती 6 घंटे में अधिक से अधिक मतदान करवाएं। फिलहाल शहर में बारिश होने की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी की है। हल्की बूंदाबादी से तेज बारिश तक हो सकती है। इसी से बचने के लिए मतदान की रणनीति प्रत्याशियों ने तय की है। सभी प्रत्याशियों ने अपने-अपने कार्यालय में बैठक कर कार्यकर्ताओं से कहा कि शुरुआत में जितना अधिक मतदान हो, उसकी चिंता हमें करना है। चूंकि बारिश का मौसम दोपहर बाद ही बनता है, इसलिए भी शुरू में मतदान कराने पर जोर दिया जा रहा है और अगर सुबह से बारिश हुई तो फिर दोपहर के बाद मतदान करवाया जाएगा, वहीं कुछ मतदान केन्द्रों पर बारिश से बचने की व्यवस्था नहीं होने के कारण भी परेशानी आ सकती है। कुछ मतदान केन्द्र मैदान में हैं और वहां कीचड़ भी हो सकता है, लेकिन वहां अभी तक चूरी तक नहीं डाली गई है। इसको लेकर भी प्रत्याशी आपत्ति उठा सकते हैं, क्योंकि अगर वहां कीचड़ होगा तो मतदाता मतदान करने नहीं पहुंचेंगे और परेशानी आएगी। ऐसे में मतदान का प्रतिशत प्रभावित हो सकता है। मध्यप्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के पहले चरण का मतदान बुधवार को होगा। इस बार महापौर प्रत्याशी का मतपत्र सफेद और पार्षद प्रत्याशियों के मतपत्र गुलाबी रंग के होंगे।

## कुख्यात बदमाश मामा-भांजे गिरोह के पॉच बदमाशो सहित गिरफ्तार

**- दिन मे मजदूरी के बहाने करते थे मकानो की रैकी, फिर गिरोह के साथ बोलते थे धावा, डकैती डालने से पहले ही क्राइम ब्राचं ने दबोचा**

**- 2 देशी कट्टे, कारतूस सहित अन्य औजार जप्त**

**भोपाल।** राजधानी की क्राइम ब्रांच टीम ने ऐसे शातिर गिरोह को दबोचा है कि जिसका सरगना अपने भांजे के साथ मिलकर दिन के समय मजदूरी के बहाने सूने मकानो की रैकी कर रात को गिरोह के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहा था। लेकिन टीम ने सरगने सहित उसके पांच साथियो को हथियारो सहित डकैती करने से पहले ही दबोच लिया। गिरोह के पास से टीम ने 2 देशी कट्टे, कारतूस, लोहे का सब्बल, पैचकस, लाल रंग का मिर्ची पाऊड, हथियार छुरा, ताला तोडने के औजार सहित अन्य माल जप्त किया है। गिरोह के पकडाये गये सभी आरोपियों का पूर्व आपराधिक रिकार्ड भी है। क्राइम ब्राचं अफसरो ने जानकारी देते हुए बताया कि टीम ने सूचना मिलने पर कोलार इलाके के ग्राम कजलीखेडा के सरकारी बस स्टैण्ड के पास सूने पडे निर्माणाधीन मकान की घेराबंदी कर सदिग्धो युवको को पकड लिया। पकडे गये बदमाशो की पहचान ग्राम रायपुर पोस्ट बैरागढ खुमान थाना श्यामपुर जिला सीहोर निवासी 26 वर्षीय गोपाल उर्फ गोलू दांगी ,ग्राम खाईखेडा थाना अहमदपुर जिला सीहोर 28 वर्षीय बहादुर सिंह दांगी , ग्राम थानेर पोस्ट पीपल खेडा जिला विदिशा निवासी 26 वर्षीय राहुल दांगी , वार्ड नंबर 6 रामकुण्ड कुआ के पास थाना नरसिंहगढ जिला राजगढ निवासी 24 वर्षीय इदरीश खान और ए/50 प्रिंयका नगर कोलार रोड निवासी 24 वर्षीय ओसामा अब्बास के रूप में हुई। सख्ती से की गई पुछताछ मे खुलासा हुआ कि गिरोह का सरगना गोलू उर्फ गोपाल दांगी है, जो काफी सालों से भोपाल में रह रहा है, ओर यहॉ के कई इलाको से वाकिफ है। गोलू दांगी कोलार, मिसरोद, शाहपुरा में नई नई कालोनियों के सूने मकानों, सीसीटीव्ही कैमरों की दिन में अपने मामा बहादुर के साथ मिलकर मजदूरी के बहाने रैकी करता, इसके बाद रात में सूने मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम देता था।

### मिशीगन एयरशो में आग लगने से दुर्घटनाग्रस्त हुआ दुनिया का सबसे ताकतवर जेट ट्रक, चालक व एक अन्य की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में मिशिगन एयर शो के दौरान जेट हवाई जहाज से ट्रक की रेस लगाने के दौरान मौत हो गई। जेट-के ईंधन वाला यह ट्रक आग लगने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। शनिवार को हुई इस घटना की क्लिप दिखाती है कि ट्रक जेट से आगे निकलता है, उसमें आग लगती है फिर एक बड़ा धमाका होता है, जिसके बाद हवा में काले धुंए का गुबार उठता है। वीडियो में देखा जा सकता है कि ट्रक के आगे एक आग का गोला है और जैसे ही गाड़ी इसके पीछे से गायब होती है और फिर आगे निकलते हुए पलटती नजर आती है। ट्रक के ड्राइवर क्रिस डार्नेल और उनके परिवार का एक सदस्य कई साल से एयर शो बिजनेस में थे, वो इस घटना में मारे गए। 40 साल का व्यक्ति बैटल क्रीक फील्ड में फील्ड ऑफ फ्लाइट एयर शो के दौरान दो हवाईजहाजों से दौड़ कर रहे थे जब उनका शॉकवेव जेट ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दो प्रॉप प्लेन हवा में करतब कर रहे थे और ट्रक के उपर रनवे के पास उड़ रहे थे जब ट्रक में आग लगी। कस्टम-बिल्ट रेस ट्रक में तीन जेट इंजन लगे थे और इसमें 36,000 हॉर्सपावर की शक्ति थी। यह ट्रक एयरशो के दौरान आग लगने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एक फेसबुक स्टेटमेंट में क्रिस डार्नेल के पिता नील डार्नेल ने कहा कि यह दुर्घटना जेट ट्रक में तकनीकी खराबी के कारण हुई। इस फेस्टिवल की एक्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर बारबरा हालुस्का ने बताया कि जैसा कि कई वीडियो में दिख रहा है कि आग का गोला केवल दिखावटी था और मिस्टर डार्नेल आग में से नहीं गुजरे। घास पर आग लगती दिखाई जा रही थी जबकि ट्रक रनवे पर दौड़ रहा था। भीड़ की तरफ ऐसा लगता था कि ट्रक आग में से गुजर रहा है। लेकिन असल में ऐसा नहीं होता था।

## न्यूजीलैंड- पृथ्वी के चारों ओर चक्कर लगा नासा का उपग्रह अपनी कक्षा से अलग होकर चांद की ओर बढ़ा




**वेलिंगटन।** नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) का एक उपग्रह सोमवार को अपनी कक्षा से सफलतापूर्वक अलग हो गया और अब यह चंद्रमा की तरफ बढ़ रहा है। इसी के साथ अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने चंद्रमा की सतह पर फिर से अंतरिक्ष यात्रियों को उतारने की अपनी योजना के तहत एक और कदम बढ़ा दिया है। 'कैप्स्टोन' उपग्रह की यात्रा पहले से ही कई मायने में असामान्य रही है। इस उपग्रह को छह दिन पहले न्यूजीलैंड के माहिआ प्रायद्वीप से प्रक्षेपित किया गया था। इसे रॉकेट लैब कंपनी ने अपने छोटे से इलेक्ट्रॉन रॉकेट से प्रक्षेपित किया था। इस उपग्रह को चांद पर पहुंचने में चार और महीने लगेंगे। यह उपग्रह कम से कम ऊर्जा का इस्तेमाल करते हुए अकेले ही चांद की ओर बढ़ रहा है। रॉकेट लैब के संस्थापक पीटर बेक ने कहा कि वह अपने उत्साह को शब्दों में बयां नहीं कर पा रहे। बेक ने कहा, 'इस परियोजना पर हमने दो-ढाई साल का समय लगाया। इसका क्रियान्वयन बहुत ही कठिन था।' उन्होंने कहा कि अपेक्षाकृत कम लागत वाली यह कोशिश अंतरिक्ष अभियान की दिशा में नये युग की शुरुआत करेगी। नासा ने इस पर 3.27 करोड़ डॉलर खर्च किए हैं। बेक ने कहा कि अब कुछ करोड़ डॉलर में आप के पास रॉकेट और अंतरिक्ष यान होंगे, जो आप को सीधे चंद्रमा, क्षुद्रग्रहों और शुक्र तथा मंगल ग्रह पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि आगे का अभियान सफल रहता है, तो कैप्स्टोन उपग्रह अहम सूचनाएं महीनों तक भेजता रहेगा। नासा की योजना कक्षीय मार्ग में 'गेटवे' नामक अंतरिक्ष केंद्र स्थापित करने की है, जहां से अंतरिक्ष यात्री इसके 'अर्टेमिस' कार्यक्रम के तहत चंद्रमा की सतर पर उतर सकेंगे। बेक के मुताबिक, नई कक्षा का महत्व यह है कि इससे ईंधन का इस्तेमाल कम हो जाता है और यह उपग्रह या अंतरिक्ष स्टेशन को धरती के लगातार संपर्क में रखती है। न्यूजीलैंड से 28 जून को प्रक्षेपित किया गया इलेक्ट्रॉन रॉकेट अपने साथ 'फोटोन' नामक एक दूसरा अंतरिक्ष यान ले जा रहा था। अंतरिक्ष यान के इंजन के सोमवार को समय-समय पर चलने पर 'फोटोन' पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से अलग हो गया और इसने उपग्रह को उसके रास्ते पर भेज दिया।

## यूएस के स्वतंत्रता दिवस पर फायरिंग कर 9 लोगों की जान लेने वाला शूटर रॉबर्ट क्रीमो गिरफ्तार



**शिकागो।** अमेरिका में आजादी के वर्षगांठ समारोह के दौरान शिकागो शहर के हाइलैंड पार्क में अंधाधुंध गोलियां बरसाकर 9 लोगों की हत्या करने लेने वाले शूटर रॉबर्ट बॉबी क्रीमो(22) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस हमलावर ने गोलीबारी से पहले यूट्यूब पर एक वीडियो डाला था जिसमें उसने कहा था कि मेरे कदम को साहसिक माना जाएगा और मैं जानता हूं कि मुझे क्या करना है। यह मेरा भाग्य है। हमलावर पेशे से एक रैपर है। उसे पुलिस ने शिकागो के नार्थ लेक फारेस्ट इलाके से पकड़ा गया है। हमला करने वाले के बाद रॉबर्ट अपनी कार से फरार हो गया था। इस हमलावर ने गोलीबारी घटना का बेहद खतरनाक वीडियो यूट्यूब पर डाला था। पुलिस ने बताया कि रॉबर्ट ने एक छत से भीड़ पर गोलियां बरसाई थीं। इस गोलीबारी को पहले भीड़ ने स्वतंत्रता दिवस की आतिशबाजी की आवाज समझा था लेकिन बाद में हर तरफ लाशें दिखने लगीं। इस गोलीबारी में कुल 26 लोग घायल हुए हैं। अभी भी 6 लोग अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं।

इस इलाके में बड़ी संख्या में यहूदी रहते हैं लेकिन अभी तक हत्या के उद्देश्यों का पता नहीं चल पाया है। बताया जा रहा है कि शिकागो पुलिस अधिकारी ने रॉबर्ट को जाते देखा और उसे रोकने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस अधिकारी ने रॉबर्ट का पीछा किया और दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। उसे अब हाइलैंड पार्क पुलिस विभाग को सौंपा जाएगा। इस हमलावर को %रैपर, सिंगर, गीतकार, एक्टर और शिकागो का डायरेक्टर% बताया गया है। उसने एक हाथ से बनी हुई तस्वीर पोस्ट की है जिसमें वह बंदूक लिए हुए नजर आ रहा है। एक अन्य वीडियो में रॉबर्ट को लड़ाकू हेल्मेट पहने हुए दिखाया गया है। वहीं क्लास रूम की जमीन पर सोने की गोलियां दिखाई दे रही हैं। इससे माना जा रहा है कि उसने इस गोलीबारी के लिए काफी लंबे समय से प्लानिंग कर रखी थी। रॉबर्ट के यूट्यूब पर दो चैनल थे जिसे यूट्यूब ने नियमों के उल्लंघन के आरोप में डिलीट कर दिया है। उसके पिता बॉब एक समय में मेयर का चुनाव लड़ चुके हैं। वह इटालियन-अमेरिकन परिवार में पला बढ़ा है। गोलीबारी की घटना के बाद हर तरफ खून से लथपथ शव देखे गए थे। उन पर कंबल ढंके हुए थे और सैंकड़ों लोग जान बचाकर भाग रहे थे। मीडिया में आई खबरों में कहा गया है कि परेड सुबह करीब 10 बजे शुरू हुई।

### सऊदी अरब ने बिना परमिट हज यात्रा पर गए 300 लोगों पर लगाया दो लाख से अधिक जुर्माना

**रियाद।** सऊदी अरब में बिना परमिट हज यात्रा पर जाने वाले 300 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सऊदी अरब ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि बिना परमिट के यात्रा करने वाले हाजियों को गिरफ्तार कर उन पर जुर्माना लगाया जाएगा। इसके बाद भी सैकड़ों लोग बिना परमिट हज यात्रा करते पकड़े गए हैं। सऊदी अधिकारियों ने सभी गिरफ्तार लोगों पर जुर्माना लगाया है। हज सुरक्षा के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद अल-बसामी ने बताया 300 लोगों को हज नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी लोगों पर 10,000 सऊदी रियाल (2 लाख 10 हजार 633 रुपए) का जुर्माना लगाया गया है। बसामी ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में बिना परमिट यात्रियों के मक्का में प्रवेश को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है। मक्का के ग्रैंड मस्जिद के चारों तरफ सुरक्षा घेरा बना दिया गया है। उन्होंने कहा 69 हजार से अधिक वाहनों में लगभग एक लाख लोगों को प्रवेश करने से फिलहाल के लिए रोक दिया गया है। सऊदी अरब इस साल 10 लाख लोगों को हज यात्रा की अनुमति दे रहा है। कोरोनोवायरस महामारी के कारण दो सालों तक सऊदी अरब ने विदेशियों की हज यात्रा पर पाबंदी लगाई थी। इस बार विदेशों से 8 लाख 50 हजार लोग हज यात्रा पर आ रहे हैं। इंडोनेशिया से इस बार एक लाख 51 लोग, पाकिस्तान से 81 हजार 132 लोग, भारत से 79 हजार 237 लोग और बांग्लादेश से 57 हजार 585 लोग हज यात्रा पर सऊदी अरब पहुंचेंगे।

## 44वीं शतरंज ओलंपियाड मशाल पहुंची ग्वालियर, केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने की अगवानी

# खेल शारीरिक व बौद्धिक व्यायाम के साथ अनुशासन का संस्कार भी सिखाते हैं : श्री तोमर






ग्वालियर। 44वें शतरंज ओलम्पियाड की मशाल आज ग्वालियर पहुंची, जहां केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने इसकी अगवानी की। इस अवसर पर श्री तोमर ने कहा कि खेल सिर्फ मनोरंजन के लिए नहीं होते बल्कि खेल हमें शारीरिक व बौद्धिक व्यायाम के अतिरिक्त अनुशासन का संस्कार भी सिखाते हैं।

ग्वालियर के लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फिजिकल एज्युकेशन (एलएनआईपीई) में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि ये अवसर हम सबको पहली बार मिल रहा है, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने शतरंज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गत 19 जून को इस मशाल रिले की शुरुआत की थी, जिसके बाद देश के अनेक हिस्सों में भ्रमण करते हुए मध्य प्रदेश पहुंची है। श्री तोमर ने कहा कि मध्यप्रदेश के लिए यह खुशी और गौरव की बात है कि शतरंज ओलम्पियाड टॉर्च उज्जैन, इंदौर, भोपाल, साँची के प्रमुख स्थल का भ्रमण कर ग्वालियर पहुंची है।

श्री तोमर ने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि ऑल इंडिया शतरंज फेडरेशन के तत्वावधान में भारत को पहली बार शतरंज ओलम्पियाड की मेजबानी करने का मौका मिला है। इस ओलम्पियाड में 187 देशों के दो हजार से अधिक खिलाड़ी अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने शतरंज ओलम्पियाड टॉर्च, ग्वालियर के 16 वर्षीय ख्यात शतरंज खिलाड़ी श्री ओजस्व सिंह को सौंपी। ओजस्व एलएनआईपीई से मशाल लेकर ग्वालियर फोर्ट एवं प्रमुख स्थलों का भ्रमण करेंगे।

इस अवसर पर शतरंज एसोसिएशन एडहॉक कमेटी के अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह ने कहा कि शतरंज ओलम्पियाड टॉर्च रिले का उद्देश्य शतरंज को बढ़ावा देना है। टॉर्च रैली भारत के लिए एक उपहार है। इससे पहले शतरंज ओलम्पियाड में कभी ऐसी रैली नहीं निकली थी, भविष्य में होने वाले ओलम्पियाड में यह रैली भारत से ही निकलेगी।

उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु के महाबलीपुरम में 28 जुलाई से 10 अगस्त तक शतरंज ओलम्पियाड का आयोजन किया जा रहा है। ग्वालियर के कार्यक्रम में अनेक गणमान्यजन, शतरंज फेडरेशन और एसोसिएशन के पदाधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी एवं शतरंज की ओलंपियाड मशाल के साथ आए हुए ग्रेंड मास्टर्स उपस्थित थे।

## केंद्रीय मंत्रीद्वय श्री तोमर, श्री सिंधिया एवं सांसद श्री शेजवलकर ने ग्वालियर के मतदाताओं के नाम जारी की विनम्र अपील

ग्वालियर। भारत सरकार के वरिष्ठ मंत्रीद्वय श्री नरेंद्र सिंह तोमर, श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने आज एक संयुक्त वक्तव्य में कहा कि यह नगर निगम चुनाव ग्वालियर की प्रगति एवं अवनति में से एक को चुनने का अवसर है। उन्होंने कहा कि मान. मुख्यमन्त्री श्री शिवराज सिंह चैहान जी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विगत दो दशकों से ग्वालियर के चहुंमुखी विकास का जो महा अभियान चला है एवं भाजपा के नेतृत्व वाली ग्वालियर निगम परिषद ने प्रदेश सरकार की ग्वालियर के विकास के लिए समर्पित योजनाओं को क्रियान्वित किया है, उसे और अधिक गति देने के लिए सभी ग्वालियरवासी भाजपा की महापौर प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा एवं पार्षद पद के लिए सभी भाजपा प्रत्याशियों को अधिकाधिक मतों से विजयी बनाकर विकास के इस महायज्ञ में अपने अमूल्य मत रूपी सहयोग की आहूति दें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बिना भेदभाव के देश का विकास पहल के आधार पर किया है। ग्वालियर का विकास शिवराज सरकार की प्राथमिकता में रहा है। हम एक बार फिर अपने ग्वालियर महानगर में विकास के अभियान की निरंतरता को बनाए रखने के लिए विगत छह दशकों के शानदार इतिहास को दोहराते हुए एक बार पुनः ग्वालियर निगम चुनाव में महापौर पद पर श्रीमती सुमन शर्मा एवं सभी 66 वार्डों में भी भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाकर ग्वालियर में भाजपा की नगर सरकार बनाएंगे ताकि हमारे ग्वालियर महानगर का निर्विंधन द्रुत विकास हो सके।

# जिले के सभी नगरीय निकायों में मतदान की तैयारियाँ पूर्ण

### सभी 1421 मतदान केन्द्रों में पहुँचे मतदान दल

### 06 जुलाई को प्रातः 7 बजे से सायंकाल 5 बजे तक होगा मतदान

### कलेक्टर एवं एसएसपी ने मतदाताओं से की अपील निर्भीक होकर डालें वोट



ग्वालियर। जिले के सभी नगरीय निकायों में निर्वाचन की तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। नगर निगम ग्वालियर, नगर पालिका डबरा, नगर परिषद आंतरी, भितरवार, बिलौआ, पिछोर व मोहना के अंतर्गत बनाए गए सभी 1421 मतदान केन्द्रों पर मतदान कराने के लिये मंगलवार को मतदान दल पहुँच गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी ने मतदाताओं से निर्भीक होकर और स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की है। सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में नगरीय निकाय आम निर्वाचन के लिए निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार 6 जुलाई को प्रातः 7 बजे से सायंकाल 5 बजे तक मतदान होगा। मतगणना 17 जुलाई को होगी।

ग्वालियर नगर पालिक निगम के सभी 1169 मतदान केन्द्रों पर तैनात किए गए मतदान दलों को यहाँ शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय ग्वालियर से ईवीएम सहित अन्य मतदान सामग्री वितरित की गई। इसके बाद सभी मतदान दलों व सुरक्षा बल को विशेष वाहन द्वारा मतदान केन्द्रों तक पहुँचाया गया। इसी प्रकार नगर पालिका डबरा के मतदान दलों को नवीन कृषि उपज मंडी परिसर डबरा से मतदान सामग्री उपलब्ध कराकर यहाँ के सभी 165 मतदान केन्द्रों तक पहुँचाया गया। नगर परिषद पिछोर के मतदान दलों को नगर परिषद पिछोर के मतदान दलों को शासकीय बालक उमावि पिछोर, नगर परिषद बिलौआ के मतदान दलों को शासकीय जवाहर उमावि बिलौआ, नगर परिषद भितरवार के मतदान दलों को शासकीय उत्कृष्ट उमावि भितरवार, नगर परिषद आंतरी के मतदान दलों को अशासकीय बापू. उमावि आंतरी और नगर परिषद मोहना के मतदान दलों को अशासकीय सेन्ट एंथोनी स्कूल मोहना से मतदान सामग्री वितरित की गई। इसके बाद विशेष वाहनों द्वारा मतदान दलों व पुलिस बल को मतदान केन्द्रों तक पहुँचाया गया। ज्ञात हो नगर परिषद आंतरी, बिलौआ व पिछोर में 15 - 15 और नगर परिषद भितरवार में 22 व मोहना में 20 मतदान केन्द्र हैं।

### प्रेक्षक श्री शर्मा ने लिया मतदान सामग्री वितरण का जायजा

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में नगरीय निकाय निर्वाचन पर निगरानी रखने के लिये नियुक्त किए गए प्रेक्षक श्री बी एम शर्मा ने भी मंगलवार को आदर्श विज्ञान महाविद्यालय पहुँचकर मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था का जायजा लिया।

### जिले में कुल 823 प्रत्याशियों के भाग्य का होगा फैसला

नगरीय निकाय आम निर्वाचन में जिले के सभी 7 नगरीय निकायों में कुल 823 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। इनमें ग्वालियर नगर निगम में महापौर का चुनाव लड़ रहे 7 एवं सभी 66 वार्डों के 358 प्रत्याशी शामिल हैं। नगर पालिका डबरा के 30 वार्डों में 146, नगर परिषद आंतरी के 15 वार्डों में 37, नगर परिषद भितरवार के 15 वार्डों में 83, नगर परिषद बिलौआ के 15 वार्डों में 62, नगर परिषद पिछोर के 15 वार्डों में 50 और नगर परिषद मोहना के 15 वार्डों में पार्षद पद के लिये 80 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

## ग्वालियर की जनता ने सदैव विकास समर्थक एवं राष्ट्रभक्त विचारधारा को समर्थन देकर भाजपा को शक्ति दी, इस बार भी ग्वालियर इतिहास रचेगा : श्री पवैया

ग्वालियर । मप्र शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री, पूर्व सांसद एवं महाराष्ट्र के संगठन सह प्रभारी श्री जयभान सिंह जी पवैया ने आज ग्वालियरवासियों के नाम जारी भावुक संदेश में कहा कि ग्वालियर की महान जनता ने सदैव विकास समर्थक एवं राष्ट्रभक्त विचारधारा को अपना समर्थन देकर भाजपा को शक्ति दी है। भाजपा ने अपने पक्ष में पड़े एक एक अमूल्य मत का सम्मान रखते हुए खुद को पूरी शक्ति से ग्वालियर की चंहुमुखी प्रगति के लिए समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि निगम चुनाव में महापौर प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा विगत तीन दशकों से भाजपा एवं अन्य सामाजिक मंचों के माध्यम से ग्वालियर की जनता के अधिकारों की रक्षा एवं विकास के राष्ट्रीय पटल पर ग्वालियर को निखारने के लिए पूरी शक्ति से जुटी हुई हैं। उन्होंने ग्वालियर वासियों से विनम्र आग्रह किया कि श्रीमती सुमन शर्मा को अधिकाधिक मतों से विजयी बनाकर उन्हें ग्वालियर के सर्वांगीण विकास के लिए और अधिक शक्ति प्रदान करें एवं सभी वार्डों में भाजपा के पार्षद प्रत्याशीगण को विजयी बनाकर भाजपा के नेतृत्व वाली निगम परिषद बनाएं।

## युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रोत्साहित करने शहर के 40 मतदान केन्द्र भवनों को बनाया आदर्श



ग्वालियर। मतदाताओं को मतदान के प्रति उत्साहित करने तथा नवीन युवा मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिये प्रोत्साहित करने हेतु जिला निर्वाचन द्वारा जिले में 40 भवनों में बने मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। आदर्श मतदान केन्द्र में मतदाताओं को मतदान के दौरान एकदम नया अनुभव हो, इसके लिये भवन के भू-तल पर प्रवेश द्वार को तोरण द्वार, रंगोली, गुब्बारों एवं फूलों आदि से सजाया गया।

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशन में शहर के अधिक से अधिक मतादाता अपने मताधिकार के लिये आगे आयें इसे देखते हुए शहर के विभिन्न मतदान केन्द्र भवनों को आकर्षक रूप से सजाया गया है तथा वहां सेल्फी पॉइंट भी बनाये गए हैं। इसके साथ ही मतदाताओं के लिए छायादार प्रतीक्षा कक्ष, बैठने के लिए कुर्सियां, कार्पेट आदि की व्यवस्था की गई है तथा महिला एवं पुरुषों के लिए पृथक-पृथक लाइन बनाने के साथ ही वरिष्ठ, वृद्ध, बीमार एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान में प्राथमिकता दिलाई जाएगी एवं सेल्फी पॉइंट बनाया गया है जहां मतदाता अपना मत डालकर सेल्फी ले सके। प्रवेश एवं निर्गम द्वार पृथक-पृथक बनायें। रैम्प और व्हीलचेयर और फर्स्ट एड बॉक्स की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही स्वच्छ पेयजल, प्रकाश एवं शौचालय की व्यवस्था की गई जिससे मतदान करने आने वाले मतदाता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पडे।

## संक्षिप्त समाचार

### सुनहरा अवसर है 6 जुलाई, भाजपा की करें विदाई : कांग्रेस

ग्वालियर। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राजकुमार शर्मा ने कहा कि ग्वालियर में 6 जुलाई का सुनहरा अवसर है, ग्वालियर का हर नागरिक भाजपा की विदाई के लिए संकल्पित हो चुका है। 57 साल में भाजपा ने ग्वालियर को बदहाल सिटी बना कर रख दिया है, अब ग्वालियर का नागरिक बदहाल सिटी बनाने वाली भाजपा को विदा करने के लिए तैयार हो चुका है। मुख्यमंत्री चैहान की आम सभा एवं सिंधिया का रोड शो बार-बार भाजपा ने स्वीकार कर ली हार। कांग्रेस की ग्वालियर मे हो रही है जय-जय कार, अबकी बार निगम परिषद में कांग्रेस की बनेगी सरकार।

### मतदाता की पहचान के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्धारित किए हैं दस्तावेज

ग्वालियर। नगरीय निकाय आम निर्वाचन कार्यक्रम के तहत होने वाले मतदान के दौरान मतदाताओं की पहचान स्थापित करने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पहचान दस्तावेज निर्धारित किए गए हैं। इन पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदान के दौरान अपना मतदाता पहचान पत्र (इपिक) अथवा निर्धारित पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज लेकर अवश्य आएं। जिला निर्वाचन कार्यालय (स्थानीय निर्वाचन) से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की पहचान के लिए विभिन्न प्रकार के दस्तावेज निर्धारित किए गए हैं। जिनमें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त मतदाता पहचान पत्र (इपिक), भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका, पीला राशन कार्ड, नीला राशनकार्ड, राशन कार्ड, बैंक/किसान/डाकघर पासबुक, शस्त्र लायसेंस, संपत्ति दस्तावेज जैसे पट्टा व रजिस्ट्रीकृत अभिलेख, विकलांगता प्रमाण-पत्र, निराश्रित प्रमाण-पत्र, तेंदूपत्ता संग्राहक पहचान पत्र, सहकारी संपत्ति का प्रमाण-पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पासपोर्ट, ड्रायविंग लायसेंस, आयकर पहचान पत्र (पेनकार्ड) राज्य या केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय अथवा अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों के लिए जारी किए गए सेवा पहचान पत्र, छात्र पहचान पत्र, सक्षम प्राधिकारियों द्वारा जारी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग व अधिवासी प्रमाण-पत्र, पेंशन दस्तावेज जैसे भूतपूर्व सैनिक पेंशन पासबुक, पेंशन अदायगी आदेश, भूतपूर्व सैनिक विधवा व विधवा का आश्रित प्रमाण-पत्र, रेलवे पहचान पत्र एवं स्वतंत्रता सेनानी पहचान पत्र शामिल हैं। यह स्पष्ट किया गया है कि इन दस्तावेजों में कोई दस्तावेज यदि परिवार के मुखिया के पास ही उपलब्ध है तो उस परिवार के दूसरे सदस्यों की पहचान के लिये भी अनुमति दी जायेगी। इसी प्रकार यदि परिवार के किसी दूसरे सदस्य के नाम से कोई दस्तावेज है तो परिवार के अन्य सदस्य की पहचान के लिये उसका उपयोग किया जा सकता है। बशर्ते ऐसे दस्तावेज के आधार पर दूसरे सदस्य की पहचान स्थापित हो रही हो। इस सूची में दर्शाए गए अभिलेखों के अलावा पीठासीन अधिकारी ऐसा कोई अन्य अभिलेख भी स्वीकार कर सकेगा, जिससे मतदाता की पहचान स्थापित होती हो। यदि कोई मतदाता किसी भी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहता है तो पीठासीन अधिकारी स्थानीय कोटवार, पटवारी, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका इत्यादि कर्मचारियों या किसी प्रतिष्ठित स्थानीय निवासी से उसकी पहचान स्थापित करने के बाद भी मतदान की अनुमति प्रदान की जा सकेगी।

### मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा

ग्वालियर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नगरीय निकाय आम निर्वाचन कार्यक्रम के तहत प्रदेश में दो चरणों में मतदान होगा। ग्वालियर जिले में प्रथम चरण में 6 जुलाई को मतदान होगा। द्वितीय चरण में प्रदेश के अन्य जिलों में 13 जुलाई को मतदान होगा। राज्य शासन द्वारा दोनों ही चरणों मे संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। परक्राम्य लिखित अधिनियम (निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट) 1881 की धारा-25 के तहत यह अवकाश घोषित किया गया है।

### निगमायुक्त श्री कन्याल ने शहर के नागरिकों से मतदान करने की अपील की

ग्वालियर। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने ग्वालियर नगर निगम सीमांतर्गत सभी मतदाताओं से 6 जुलाई 2022 को होने वाले नगरीय निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि लोकतंत्र के महापर्व पर प्रत्येक मतदाता को सहभागी बनना चाहिए। मतदान करना मतदाता का अधिकार है। इसलिए मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान करना चाहिए। कोई भी पात्र मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे।

## मुनिश्री विनय सागर महाराज सीपी कॉलोनी धर्म प्रभावन के लिए पहुंचे

### संसार में कर्मफल से कोई नहीं बच सकता, जैसे कर्म करोगे वैसा फल मिलेगाः मुनिश्री

### मुनिश्री ने जैन मंदिर में भगवान जिनेन्द्रनके दर्शन कर वंदन की।



ग्वालियर। संतों का काम मनुष्य को धर्म का मार्ग दिखाना है। जीवन में धन तो हर कोई कमा सकता है, लेकिन भक्ति करने का सौभाग्य हर किसी के नसीब में नहीं होता है। प्रभु भक्ति का धन जो कमा लेता है उसका कल्याण होता है। यह विचार श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने मंगलवार को सीपी कालोनी स्थित जैन मंदिर में धर्मसभा में व्यक्त किए। मुनिश्री ने कहा कि संसार में कर्म फल से कोई नहीं बच सकता है। जैसे कर्म करोगे वैसे फल मिलेंगे। पीड़ित जीव की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। सेवा और पूजा समझकर किए गए कार्य खुद के लिए तो प्रसन्नाता दायक होते ही हैं, इससे भगवान भी खुश होते हैं। कर्म ऐसे करें कि हमें पछताना न पड़े। मुनिश्री ने कहा कि जिसका स्वभाव सरल हो, मन निर्मल हो और जो मिल जाए उसी में संतोष हो ऐसे व्यक्ति दुनिया में विरले ही होते हैं।

### मुनिश्री पद विहार कर सीपी कालोनी पहुचे, जैन मंदिर में दर्शन किए

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मुनिश्री विनय सागर महाराज पद विहार कर मुरार स्थित सीपी कॉलोनी पहुँचे। मुनिश्री ने दिगंबर जैन लाला मंदिर में विराजित भगवान जिनेंद्र देव के दर्शन कर वंदन की। मुनिश्री की आहरचार्य राजीव संजीव जैन के निवास पर संपन्न हुई।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478